फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 46, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 14 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**राहुल के बयान पर सत्ता पक्ष हमलावर: हंगामें के चलते संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित**

## संसद में जमकर हुआ हंगामा

**नई दिल्ली:** संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार को सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच राहुल गांधी के बयान तथा अन्य मुद्दों पर हंगामें के चलते दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। दोनों सदनों में सत्ता पक्ष की ओर से राहुल गांधी के लंदन में दिए बयान की निंदा की गई। लोकसभा में सुबह कार्यवाही की शुरूआत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी की आलोचना करते हुए उनसे माफी मांगने को कहा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लोकसभा के सदस्य हैं। उन्होंने लंदन में जाकर भारत को बदनाम करने की कोशिश की है। उनका कहना है कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था पूरी तरह से तहस-नहस हो रही है। यह भारत की गरिमा और प्रतिष्ठा पर उन्होंने गहरी चोट पहुंचाने की कोशिश की है। वे मांग करते हैं कि पूरे सदन के द्वारा उनके इस व्यवहार की निंदा की जानी चाहिए और अध्यक्षजी को निर्देश देना चाहिए कि संसद के फोरम पर आकर वह इसके लिए क्षमा याचना करें। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भी राहुल के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि वे चेयर पर सवाल उठाते हैं। वे कहते हैं कि उनका माइक बंद कर दिया जाता है। उन्होंने सदन में पूरा भाषण दिया और कोई व्यवधान नहीं हुआ लेकिन फिर भी वे चेयर पर सवाल उठाते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी में थोड़ी भी शर्म है तो वे माफी मांगेंगे। ऐसी ही स्थिति राज्यसभा में भी रही यहां सदन के नेता पीयूष गोयल ने राहुल गांधी के बयान पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विदेशी धरती से लोकतंत्र को खतरे की बात कहते हैं और अमेरिका और यूरोपीय देशों से हस्ताक्षेप की मांग करते हैं। राहुल पर बयान के मुद्दे पर कांग्रेस ने सदन में प्वाइंट ऑफ आर्डर का विषय रखा। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राहुल दूसरे सदन के नेता हैं और उनपर टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने सभापति से मांग की कि नेता सदन का बयान कार्यवाही से हटाया जाए। कांग्रेस के अन्य नेताओं ने भी यही मुद्दा उठाया। पीयूष गोयल ने कहा कि उन्होंने अपने बयान में किसी का नाम नहीं लिया। इसपर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सदन में आक्रोश की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। वे इस विषय पर स्पष्टता चाहते हैं। विपक्ष के हंगामें के चलते सदन की कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित करते हुए सभापति ने कहा कि वे कल इस विषय पर रुलिंग देंगे। दूसरी ओर लोकभा में विपक्ष के नेता कई मुद्दों पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सदन के बीच आए। हंगामें के चलते कार्यवाही को पहले 2 बजे और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया।



### राहुल का मुद्दा सदन में उठाना नियम के विरुद्ध : खड़गे

**नई दिल्ली: राज्यसभा में** नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा कि लोकसभा सांसद राहुल गांधी से जुड़े मुद्दे को राज्यसभा में उठाने का कोई औचित्य नहीं है। यह नियम के विरुद्ध है। मीडिया से बातचीत करते हुए खड़गे ने कहा कि राज्यसभा में सदन के नेता ने एक सवाल उठाया है, जिसका हमारे सदन से कोई संबंध नहीं था। यह नियम के अनुसार गलत है। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने बीते दिनों लंदन स्थित हाउस ऑफ पार्लियामेंट में कहा था कि "हमारी संसद में विपक्षी नेताओं के माइक बंद कर दिए जाते हैं।" राहुल के इस बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उनसे माफी मांगने को कहा है। इस मुद्दे को लेकर संसद में हुए शोर-शराबे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही को दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। जिसके बाद कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में संसद भवन से विजय चौक तक विपक्षी सांसदों ने मार्च निकाला। इस दौरान खड़गे ने कहा कि अडानी मामले में मोदी सरकार चुप है, लेकिन विपक्ष चुप नहीं बैठेगी। बजट सत्र के दूसरे चरण को लेकर आज कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खड़गे के कक्ष में विपक्षी दलों की बैठक हुई थी।

### राहुल पर की गई टिप्पणी को हटाने की मांग

**नई दिल्ली:** लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने सोमवार को सदन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रह्लाद जोशी द्वारा राहुल गांधी पर की गई टिप्पणी को हटाने मांग करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा है। पत्र में चौधरी ने कहा कि आज दोनों मंत्रियों ने बिना किसी पूर्व सूचना के हमारे नेता के खिलाफ निराधार टिप्पणी की और उनकी पार्टी के सदस्यों को आरोपों का खंडन करने का कोई अवसर नहीं दिया गया। चौधरी ने बिडरला से सिंह और जोशी के बयानों को हटाने का अनुरोध किया। उन्होंने नियम 352, 353 और 357 का हवाला दिया। इनके तहत किसी अन्य सदस्य पर आरोप लगाकर या व्यक्तिगत संदर्भ कर टिप्पणी नहीं होनी चाहिए। मानहानिकारक या आपत्तिजनक प्रकृति का कोई आरोप तब तक नहीं लगाया जाए जब तक कि सदस्य ने स्पीकर को पर्याप्त नोटिस नहीं दिया हो। इसके अलावा, 357 में यह प्रावधान है कि स्पीकर किसी सदस्य को व्यक्तिगत स्पष्टीकरण देने की अनुमति देगा यदि उसके खिलाफ कुछ आरोप लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा में सुबह कार्यवाही की शुरूआत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी की आलोचना करते हुए ।

## समलैंगिक शादी: संविधान बेंच को किया रेफर



**नई दिल्ली: सुप्रीम** कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने का मामला पांच जजों की संविधान बेंच को रेफर कर दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने 18 अप्रैल को अगली सुनवाई का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि लेस्बियन या गे कपल का बच्चा कोई जरूरी नहीं है कि लेस्बियन या गे ही होगा। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में केंद्र सरकार ने कहा है कि समलैंगिक विवाह प्रकृति के खिलाफ है। केंद्र सरकार ने हलफनामे में कहा है कि भारतीय दंड संहिता की धारा 377 को अपराध की श्रेणी से बाहर करने से समलैंगिक विवाह के लिए मान्यता मांगने का दावा मजबूत नहीं हो जाता है। हालांकि केंद्र सरकार ने कहा है कि मान्यता न मिलने के बावजूद इस तरह के संबंध गैरकानूनी नहीं हैं। केंद्र सरकार ने कहा कि इतिहास में विपरीत सेक्स के लोगों की शादी को ही आदर्श के रूप में देखा गया है। इसके अलावा किसी अन्य प्रकार की शादी को मान्यता नहीं दी जा सकती है।

### यस बैंक गड़बड़झाले पर भाजपा ने प्रियंका गांधी को घेरा

**नई दिल्ली: यस** बैंक के गड़बड़झाले में भाजपा ने एक बार फिर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी पर निशाना साधा है। केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को सीधा आरोप लगाया कि यस बैंक के सह-संस्थापक राणा कपूर को प्रियंका गांधी की एक पेंटिंग खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ा था। उन्होंने सवाल पूछा कि कितने पद्म अवार्ड पेंटिंग बेचकर पैसे जुटाए गए? अनुराग ठाकुर ने वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए प्रियंका गांधी।

## भगवान चित्रगुप्त के आदर्श हमारे विरासत: योगी



**गोरखपुर: गोरखपुर** स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त के आदर्श हमारे विरासत हैं। उनके मूल्यों को अपनाते हुए लोगों ने बहुत कार्य किया है। जमीन दान देने से लेकर अनेक सामाजिक सरोकार इसमें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह लोगों द्वारा भगवान चित्रगुप्त के आदर्शों को आत्मसात करने का फल ही है कि आज विराट चित्रगुप्त मंदिर तैयार है। अब यह लोक कल्याण का माध्यम बना है। अब हम अपनी इस विरासत पर गर्व कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी समाज अपनी विरासत को भुलाकर आगे नहीं बढ़ सकता है। न ही प्रगति कर सकता है। उन्होंने चित्रगुप्त मंदिर निर्माण की चर्चा करते हुए कहा कि इसकी निरंतरता बनाये रखने अगली पीढ़ी का दायित्व है। इसका संरक्षण आने वाली पीढ़ियों को ही करना होगा। इसका दायित्व लेने के लिए उन्हें तैयार रहना होगा। हर पीढ़ी को अपनी विरासत में अभिवृद्धि करनी होगी। यह अभिवृद्धि ही विकास है। उन्होंने कहा कि विरासत से किसी वर्ग विशेष का विकास नहीं होता है, बल्कि यह समाज के समग्र विकास की आधारशीला होती है। मुख्यमंत्री ने देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को याद करते हुए चित्रगुप्त समाज की धार्मिक आस्था का बखान भी किया। उन्होंने कहा कि डा. राजेंद्र प्रसाद ने इतने बड़े पद पर होने के बाद भी अपनी धार्मिक आस्था और परंपरागत विरसात को नहीं छोड़ा।

## फरवरी में रिटेल महंगाई घटकर 6.44% पर आई



**नई दिल्ली:** देश में फरवरी महीने में रिटेल महंगाई घटकर 6.44% पर आ गई है। जनवरी 2023 में यह तीन महीनों के उच्च स्तर 6.52% और दिसंबर 2022 में 5.72% पर रही थी। तीन महीने पहले नवंबर 2022 में रिटेल महंगाई 5.88% थी। पिछले साल फरवरी 2022 में यह 6.07% रही थी।

**दाल-चावल और सब्जियों के दाम कम होने से मिली मामूली राहत:** खाने-पीने के सामान में मामूली बढ़ोतरी हुई है। वहीं दाल-चावल और सब्जियों की कीमतों में थोड़ी कमी आई है, जिसके चलते महंगाई दर में मामूली गिरावट देखने को मिली है। फरवरी 2023 में फूड इन्फ्लेशन 5.95% हो गई है, जो जनवरी में 5.94% थी।

**लगातार दूसरे महीने इन्फ्लेशन आरबीआई के अपर टॉलरेंस लेवल से ऊपर:** लगातार दूसरे महीने इन्फ्लेशन भारतीय रिजर्व बैंक के 6% के अपर टॉलरेंस लेवल से ऊपर रही है।

**रोड कनेक्टिविटी की 18 परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण समारोह में बोले केंद्रीय सड़क, परिवहन मंत्री**

## यूपी बनेगा भारत का सबसे समृद्ध राज्य: गडकरी



गोरखपुर: केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून व्यवस्था का आदर्श स्थापित किया है। उत्तर प्रदेश की बदली तस्वीर और यहां बड़े पैमाने पर हो रहे निवेश से यह स्पष्ट है कि योगी जी के नेतृत्व में यूपी हिंदुस्तान का सबसे सुखी, समृद्ध व सम्पन्न प्रदेश बनेगा। श्री गडकरी सोमवार को में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की 18 परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यूपी की सड़कों को अमेरिका जैसी बनाने की अपनी पूर्व बात को दुहराया और कहा कि 2014 के बाद उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई दोगुनी बढ़ गई है। वर्ष 2024 के समाप्त होने तक उत्तर प्रदेश में पांच लाख करोड़ रुपये के रोड पर काम किया जाएगा। केंद्रीय सड़क, परिवहन मंत्री ने उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग की पूर्ण, निमार्णाधीन और प्रस्तावित परियोजनाओं की सिलसिलेवार विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि मोदी-योगी के नेतृत्व में यूपी की सड़कें अमेरिका जैसी समृद्ध होंगी। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से उत्तर प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा एवं औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। नए रोजगार का सृजन होगा। राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण से उत्तर प्रदेश के समग्र विकास के लिए हम कटिबद्ध हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय योग 2023 का काउंटडाउन शुरू



**नई दिल्ली: अंतरराष्ट्रीय** योग दिवस 2023 के 100 दिनों के काउंटडाउन की शुरूआत के तहत सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय आयुष मंत्री सबानंद सोनोवाल ने तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सबानंद सोनोवाल ने कहा कि योग के प्रचार और इसकी व्यापक स्वीकृति ने भारत को वैश्विक स्वास्थ्य और कल्याण के क्षेत्र में एक सशक्त नेतृत्व के रूप में स्थापित किया है। इस मौके पर उन्होंने "वाई" ब्रेक योग पर एक मिनट का वीडियो भी लॉन्च किया। इस अवसर पर उन्होंने कारपोरेट सेक्टर से अपील की कि सभी अपने ऑफिस परिसर में योग प्रकोष्ठ की स्थापना करें। इससे वहां काम करने वाले कर्मियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा, यह समावेशी एवं व्यावहारिक विकास के लिए भारत की जी 20 प्राथमिकताओं पर भी फोकस है। यह दुनिया भर में मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में "वसुधैव कुटुम्बकम" के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

इस अवसर पर केंद्रीय उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास, पर्यटन और संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि योग पर्यटन का एक महत्वपूर्ण घटक बन गया है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी योग को दुनिया भर के लोगों को एकजुट करने के लिए एक सांस्कृतिक राजदूत के रूप में देखते हैं। योग की बढ़ती लोकप्रियता के साथ पर्यटन मंत्रालय ने चिकित्सा और स्वास्थ्य पर्यटन शुरू किया है, जो अपने स्वास्थ्य और तंदुरूस्ती में सुधार के इच्छुक आगंतुकों के लिए विशेष योग और कल्याण कार्यक्रमों की पेशकश पर केंद्रित है। केंद्रीय विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि योग हमारी जीवनशैली का एक अभिन्न अंग बन गया है। हमारे जीवन में तनाव को कम करने में योग का बहुत बड़ा योगदान है, इसका नियमित अभ्यास स्वस्थ और रोग मुक्त जीवन की ओर कदम है, जिससे हमारा शारीरिक और मानसिक कल्याण होता है।

## ऑस्कर में भारत की धूम: नाटू-नाटू को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग, द एलिफेंट व्हिस्परर्स बेस्ट शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री

**लॉस एंजलिस:** 95वीं ऑस्कर सेरेमनी में पहली बार भारत को पहली बार दो अवॉर्ड मिले हैं। फिल्म आरआरआर के गाने नाटू-नाटू ने बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड जीता। वहीं, द एलिफेंट व्हिस्परर्स बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म बनी। हालांकि, डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म ऑल दैट ब्रीथ्स रेस से बाहर हो गई है। ऑस्कर अवॉर्ड में इन तीन कैटेगरी में भारत को नॉमिनेशन मिला था। नाटू-नाटू को इससे पहले गोल्डन ग्लोब्स अवॉर्ड में बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का खिताब मिला था। ऑस्कर सेरेमनी में आरआरआर के नाटू-नाटू गाना लिखने वाले चंद्रबोस और कंपोजर एमएम कीरवानी ने ट्रॉफी ली। इस दौरान फिल्म के डायरेक्टर राजामौली पीछे बैठे रहे। आरआरआर का तेलुगु मीनिंग रौद्रम रानम रुधिरम और हिंदी में राइज रोर रिवोल्ट है। बेस्ट शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री चुनी गई द एलिफेंट व्हिस्परर्स की डायरेक्टर कार्तिकी गोंजाल्विस और प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा ने अवॉर्ड लिया। इस दौरान सेरेमनी में मौजूद दीपिका पादुकोण भावुक हो गईं। वे सेरेमनी के प्रेजेंटर के तौर पर पहुंची थीं। ऑस्कर सेरेमनी की शुरूआत भारतीय समय के मुताबिक सोमवार सुबह साढ़े 5 बजे अमेरिका के लॉस एंजेलस में हुई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर आरआरआर और द एलिफेंट व्हिस्परर्स के मेकर्स को बधाई दी है। उन्होंने कहा- 'असाधारण! 'नाटु नाटु' की लोकप्रियता वैश्विक है। यह एक ऐसा गाना है, जिसे आने वाले सालों तक याद रखा जाएगा। इस सम्मान के लिए एमएम कीरवानी और चंद्रबोस समेत पूरी टीम को बधाई। भारत प्रफुल्लित और गौरवान्वित है'।

**गुनीत बोलीं- भारत के लिए 2 महिलाओं ने कर दिखाया:** द एलिफेंट व्हिस्परर्स को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म का अवॉर्ड मिलने पर प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा ने सोशल मीडिया पर लिखा- हमने अभी-अभी किसी भी इंडियन प्रोडक्शन के लिए पहला ऑस्कर जीता है। दो महिलाओं ने ये कर दिखाया। मैं अभी तक कांप रही हूं। वहीं डायरेक्टर कार्तिकी गोंजाल्वेस ने लिखा- यह अवॉर्ड मेरी मातृभूमि भारत के लिए।

**गुनीत की दूसरी डॉक्यूमेंट्री को मिला ऑस्कर:** द एलिफेंट व्हिस्परर्स गुनीत की दूसरी फिल्म है, जिसे ऑस्कर अवॉर्ड मिला है। इस फिल्म की कहानी दक्षिण भारत के कपल बोमन और बेली की है, जो एक रघु नाम के अनाथ छोटे हाथी की देखभाल करते हैं।

### अंकिता भंडारी हत्याकांड: उत्तराखंड सरकार को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड में अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच नहीं कराने के उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए उत्तराखंड सरकार को नोटिस जारी किया है।

अंकिता भंडारी के परिजनों ने मामले की जांच के लिए राज्य सरकार की ओर से बनाई गई एसआईटी पर असंतोष जताया है। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने दिसंबर 2022 में हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने एसआईटी को हरी झंडी दी थी।

**डीएम की नई पहल, बुजुर्ग व दिव्यांगों को मिलेगी वशेष सुविधा, छह सीटर गोल्फ कार बनेगा**

## विंध्यधाम... आस्था की डगर पर श्रद्धालुओं की राह होगी आसान



**मीरजापुर: जगविख्यात** मां विंध्यवासिनी धाम...। अब आस्था की डगर पर श्रद्धालुओं की राह आसान होगी। आम श्रद्धालु खासकर बुजुर्ग व दिव्यांगों को विशेष सुविधा मिलेगी। अब मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन करने के लिए मंदिर तक पहुंचने में बुजुर्ग व दिव्यांग श्रद्धालुओं को किसी के सहारे की जरूरत नहीं है। श्रद्धालु सुविधायुक्त वीआईपी गोल्फ कार से विंध्यवासिनी मंदिर तक पहुंच सकेंगे। यही नहीं, विंध्य पर्वत पर विराजमान मां काली व अष्टभुजा मंदिर तक इलेक्ट्रिक बस त्रिकोण परिक्रमा कराएगा। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि नवरात्र मेला में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु विंध्यधाम आते हैं। पहाड़ी पथ, चढ़ाव-घुमावदार रास्ते व मंदिर की सीढ़ियों पर बुजुर्ग व दिव्यांग श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। दर्शनार्थियों के लिए इलेक्ट्रानिक बस व गोल्फ कार की निःशुल्क सुविधा मिलेगी। दरअसल, गत दिनों गुजरात से कुछ दर्शनार्थी विंध्यधाम आए थे और बुजुर्ग व दिव्यांग दर्शनार्थियों की परेशानी से रूबरू हुए थे। उस समय दर्शनार्थियों ने डीएम दिव्या मित्तल से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ऐसी व्यवस्था करने की गुजारिश की थी। अब डीएम की पहल पर यह व्यवस्था शुरू कर दी गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कारपोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी (सीएसआर) ने विंध्य विकास परिषद को छह सीटर गोल्फ कार व 16 सीटर इलेक्ट्रिक बस दान स्वरूप भेंट किया है।

## पिछले तीन साल में भारत की 'नो-फ्लाई लिस्ट' में 149 यात्री




**नई दिल्ली: पिछले** तीन साल में कुल 149 यात्रियों को भारत की विमानन ह्यनो-फ्लाई लिस्टह्न में रखा गया है। नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ वी के सिंह ने सोमवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों के दौरान, 2020 से आज तक, एयरलाइन द्वारा गठित संबंधित आंतरिक समिति की सिफारिशों के अनुसार, 149 यात्रियों को एक निश्चित अवधि के लिए ह्यनो फ्लाई लिस्ट में रखा गया है। पिछले तीन साल में ऐसा कोई मामला रद्द नहीं किया गया है। नागर विमानन अपेक्षा (सीएआर), खंड 3-हवाई परिवहन, श्रृंखला एम, और भाग श्क शीर्षक के अनुसार "अनियंत्रित / विघटनकारी यात्रियों से निपटना" में उल्लिखित एसओपी में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित प्रावधान किए गए हैः ( ) पायलट-इन-कमांड।

## खबर संक्षेप

### बकरी चराने को लेकर हुए विवाद घुस कर मार पीट एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** बकरी चराने के विवाद को लेकर महिला और उसकी मासूम भांजी को घर में घुस कर मारा पीटा और जातिसूचक गालियां दी गई। पुलिस ने चार के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम फतनपुर निवासनीय प्रियंका देवी पत्नी संतोष कुमार का आरोप है कि वह बकरी चरा रही थी। किन्हीं बातों को लेकर पडोस के लोगों ने गालियां दी और मारने के लिए दौडा लिए। जब वह जान बचा कर घर में घुस गई तो घर में घुस कर जाति सूचक गालियां देते हुए उसे और उसकी आठ साल की भांजी लाजो को मार पीट कर घायल कर दिया गया। प्रियंका देवी ने मऊआइमा थाने में बलवान पटेल ,राम सुन्दर पटेल ,बलवान की पत्नी नाम अज्ञात तथा ढंडियाहिन देवी के खिलाफ मार पीट एस सी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दी है।

# हादसा या सुसाइड : रेलवे ट्रैक पर मिली दो महिला व एक वर्षीय बच्ची की लाश, नहीं हो सकी पहचान

### करछना औद्योगिक क्षेत्र के मासिक रेलवे ट्रैक पर मिली मां बेटी की लाश, जबकि दूसरी घूरपुर के इरादतगंज ग्लासफैक्ट्री के पास

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** ट्रेन की चपेट में आने से दो महिला व एक बच्ची की दनार्नाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस व ग्रामीणों नव काफी मशक्कत की, लेकिन तीनो की शिनाख्त नही हो सकी। पहला मामला औद्योगिक क्षेत्र थाना के मसिका रेलवे क्रासिंग के पास महुवारी गांव के सामने का है। जहां रविवार को एक 35 वर्षीय महिला ने अपनी एक वर्षीय बच्ची के साथ ट्रेन से कटकर जान दे दी। वहीं दूसरी घटना घूरपुर थाना क्षेत्र के इरादतगंज रेलवे लाइन का है। जहां ग्लास फैक्ट्री के पास मुम्बई हाबड़ा रेलमार्ग से ट्रेन कटकर एक वृद्धा की मौत हो गई। औद्योगिक क्षेत्र थाना के मसिका रेलवे क्रासिंग के पास महुवारी गांव के सामने रविवार को रेलवे ट्रैक पर एक महिला की



क्षत विक्षत लाश पाई गई। कुछ दूर पर महिला की एक वर्षीय बच्ची भी लहूलुहान हालात में पड़ी थी। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र संजीव चौबे ने घायल बच्ची को इलाज के लिए एसआरएन हॉस्पिटल भेजा। सिर में गंभीर चोट होने की वजह से बच्ची की भी मौत हो गई। महिला ने साड़ी पहनी थी उसकी उम्र लगभग 35 से 36 वर्ष थी। गांव के रॉकेश, संतोष, मनीष,अखिलेश मिश्रा व देवेंद्र ने बताया कि पहले महिला को गांव में कही नही देखा गया है। पुलिस अनुमान लगा रही है कि महिला मजदूरी करती थी। महिला ने अपनी बच्ची के साथ सुसाइड किया है या हादसे का शिकार हुई है, इसका पता लगाने में पुलिस जुटी है। थाना प्रभारी संजीव चौबे का कहना है कि अभी तक मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई है। वहीं दूसरी ओर घूरपुर थाना क्षेत्र के इरादतगंज ग्लास फैक्ट्री के पास मुम्बई हाबड़ा रेलमार्ग पर ट्रेन से कटकर एक वृद्धा की मौत हो गई। वृद्धा सलवार सूट पहने थी। सूचना पर पहुंची घूरपुर पुलिस ने शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोनो हादसे में दो महिला और एक बच्ची की मौत हो गई। सोमवार की सुबह तक किसी की शिनाख्त नहीं हो सकी।

## अमन सिंह यादव ने पोलवाट प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर लहराया परचम

### मुख्य प्रशिक्षक संजय गणनायक व पोलवाट प्रशिक्षक घनश्याम यादव का प्रयास रंग लाया



**मऊआइमा।** कहते हैं कि कठिन परिश्रम वह चाबी है जो किस्मत के बंद दरवाजे को खोल देती है सच्चे लगन धैर्य और मेहनत के बल पर कोच घनश्याम के मार्गदर्शन में अमन सिंह यादव ने पोलवाट प्रतियोगिता 4.30 मीटर ऊंची छलांग लगाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित कर मुख्य प्रशिक्षक संजय गणनायक व पोलवाट प्रशिक्षक घनश्याम यादव को किया गौरवान्वित। मऊआइमा विकास खंड के सहबाजपुर गांव निवासी पृथ्वीपाल यादव के पुत्र अमन सिंह यादव ने देश में नई मिसाल कायम कर भारत के गौरव को बढ़ाया। पिता की सच्ची लगन, व माता उमिला देवी की सच्ची प्रेरणा से कोच घनश्याम यादव के मार्गदर्शन में 18 वीं राष्ट्रीय युवा एथलेटिक चैंपियनशिप में 10 मार्च से 12 मार्च को कर्नाटक के मिली ग्राम जिला इसटेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में अमन सिंह यादव ने गोल्ड मेडल जीत कर प्रयागराज जिले का गौरव बढ़ाया । भोपाल स्थित तात्या तात्या टोपे स्टेडियम टीटी नगर में कोच घनश्याम के मार्गदर्शन में अमन सिंह यादव प्रशिक्षण ले रहा है। खिलाड़ी से कोच बने घनश्याम यादव को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, केन्द्रीय खेल मंत्री सहित देश की तमाम हस्तियां सम्मानित कर चुके हैं। अमन सिंह यादव की इस उपलब्धि पर संसद केसरी देवी पटेल, एम यल सी सुरेंद्र चौधरी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तिहान शमी ,एम एल सी निर्मला पासवान, प्रधान संघ अध्यक्ष तीरथ यादव जिला पंचायत सदस्य हिंदू अभिषेक यादव सहित दर्जनों प्रतिनिधियों ने इस उपलब्धि पर बधाई दी।

## न्यूज झरोखा

### कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का सागर



**उतरांव।** थाना उतरांव के भियूंरा मे सप्ताहिक संगीतमय श्री मद भागवत शुरूआत के पूर्व कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में आस्था सागर उमड़ पड़ा। युवतियों व महिलाओं ने भियुरा स्थित सुधाकर स्वर्णकार के निजी आवास से माथे पर कलश लेकर यात्रा प्रारंभ की।कलश यात्रा भियुरा थाना उतरांव,डुढुवां से होकर पुनः आवास पर पहुंचीं। कलश में जल भर कर गांव मे स्थित देव मंदिरो मे दर्शन किया। पुरोहित ने विधि विधान से कलश स्थापना किया। इसके बाद भगवान का पूजन किया गया। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कथावाचक अतुल दास महराज लोगों को प्रवचन देंगे। कथा व्यास अतुल दास महाराज जी ने कहा कि जो भागवत कथा है साक्षात कृष्ण हैं और जो कृष्ण है वही साक्षात भागवत हैं। भागवत कथा कलिकाल में तीनों ताप का नाश करने वाली है।भक्ति का मार्ग प्रशस्त करने वाली है। कहा कि एक बार नारद ने चारों धाम की यात्रा की लेकिन उनके मन को शांति नहीं हुई। कार्यक्रम का आयोजन कृष्ण स्वर्णकार व कमला देवी द्वारा किया जा रहा है। मौके पर सुधाकर स्वर्णकार, दिवाकर, अभिषेक, आनंद, पूनम, अनामिका, स्नेहा, आंचल, राम कैलाश, राम मूर्ति, श्यामलाल, प्रेमचंद, ओमप्रकाश, शिवमोहन, रामलाल,रामचंद्र, राजकुमार, जयप्रकाश, महेंद्र पति मिश्र, राजेश, प्रेम प्रकाश, देवेंद्र, नरेंद्र, रामनारायण, अभिषेक व अमित आदि लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

### गाजे बाजे के साथ निकाली कलशयात्रा



**करछना** के केचुहा गांव में जन कल्याण हेतु संगीतमयी सात दिवसीय श्रीमद्भागवत पुराण कथा का शुभारंभ वेदी रचना एवं प्रतिष्ठा पूजन के साथ सोमवार से शुरू हुआ। कथा के प्रथम दिन सोमवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा यात्रा वेदी मंडप से चलकर गांव में स्थित सभी देवी व देवताओं के मंदिरों पर पहुंचकर पूजन अर्चन किया गया । वही यात्रा में भक्त महिलाएं पीले परिधान में सिर पर कलश रखे व लोगों की ओर से सिर पर भागवत की पोथी लिए गीतों के साथ गांव का भ्रमण किया । और यात्रा वापस बेदी मंडप पर पहुंची। कथावाचक के रूप में व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास चित्रकूट धाम से पधारे पं आयुष जी महाराज ने भक्तजनों को बताया कि कलश यात्रा के माध्यम से अदृश्य शक्तियों का आवाहन किया जाता है । जिसमें अतृप्तआत्माओं का कल्याण होता है। इस यात्रा में शामिल होने व एक एक पग चलने से अनेक तीर्थों के परिक्रमा से बढ़कर पुण्य फल प्राप्त होता है। कथा के मुख्य श्रोता यजमान जमुना प्रसाद तिवारी पत्नी शिव कुमारी तिवारी ने कथा व्यास सहित सभी आचार्य लोगों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। कथा के आयोजक राम अभिलाष तिवारी व संयोजक संजीव कुमार तिवारी अधिवक्ता उच्च न्यायालय की ओर से सभी के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर विनय कुमार तिवारी विमलेश तिवारी लाहुर तिवारी अतुल तिवारी सुशील तिवारी प्रमोद तिवारी डॉ रजनीश तिवारी मनीष कुमार सत्येंद्र तिवारी सुमित विपिन सिद्धार्थ आदि भक्त लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में नव दंपतियों ने लिए सात फेरे



सामूहिक विवाह में उपस्थित नवविवाहित जोड़े।



सामूहिक विवाह में मौजूद मुख्य अतिथि प्रवीण पटेल व अन्य।

अखंड भारत संदेश

**साहसों।** गरीबों के कल्याण हेतु सरकार द्वारा चलाए गए योजनाओं में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के चलते जन्म जन्मांतर इस शुभ पवित्र बंधन के साथ वैवाहिक जीवन को निभाने के लिए तथा एक दूसरे का दामन थामने एवं जीवन भर साथ चलने के संकल्प लेकर अग्नि के समक्ष सात फेरों के साथ विकासखण्ड सहसों के छत्रपति शिवाजी डिग्री कालेज सहसों के परिसर में सोमवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 32 नव दंपत्ति जोड़ों ने एक दूसरे के गले में वरमाला डालकर एक दूसरे के लिए सुख दुःख एवं जीवन भर साथ निभाने की प्रतिज्ञा लिए। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल ने नव दंपत्ति जोड़ो को उपहार एवं प्रमाण पत्र देकर आशीर्वाद प्रदान किया। मौके पर उपस्थित ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह ने भी नव दंपतियों को शुभ आशीष एवं हार्दिक बधाई देते हुए सुखमय जीवन व्यतीत करने की मंगल कामना किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से खण्ड विकास अधिकारी सहसों संजीव रत्न, एडीओ समाज कल्याण विजय कुमार गौतम, एडीओ आईएसबी नरेंद्र दूबे, एडीओ पंचायत, प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू , समाजसेवी केवी सिंह, सोनू सिन्हा, विजय बहादुर, पूर्व प्रधान पिंटू दूबे, संदीप दूबे, राकेश कुमार यादव, दीपक वर्मा, रवि भारतीया, प्रधान कृष्ण कुमार चौरसिया, प्रधान प्रदीप यादव सहित भारी संख्या में नव दंपतियों के परिजन एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## मेजा व उरुवा ब्लाक से 35 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में सात जन्मों की कसमों के साथ 35 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।ब्लाक परिसर मेजा में आयोजित कार्यक्रम में मेजा से 27और उरुवा ब्लाक से 8 कुल 35 जोड़ों की विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक उच्चारण से हिंदू रीति रिवाज के तहत विवाह संपन्न कराया गया।कार्यक्रम की शुरूआत प्रमुख मेजा श्रीमती गायत्री देवी ने दूल्हों की बिदाई की।वहीं वर पक्ष के सभी लोग दूल्हे साथ पास स्थित शिव मंदिर से डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए विवाह मंडप पहुंचे, जहां प्रमुख प्रतिनिधि गंगाप्रसाद मिश्र ने बरातियों का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए उन्हें मंडप तक पहुंचाया।उसके बाद आचार्य हरे कृष्ण पांडेय और आचार्य विकास शुक्ला ने वैदिक उच्चारण के साथ हिंदू रीति रिवाज से सभी जोड़ों का विवाह संपन्न कराया। सभी आगंतुकों को भोजन व नास्ते की व्यवस्था की गई।अंत में कन्या पक्ष ने कन्या की विदाई



की।विदाई के मौके पर उपस्थित सभी के आंखों से आंसू छलक पड़े।सबसे अधिक 4 जोड़े की शादी के लिए बीडीओ ने गड़ेवरा प्रधान को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी मेजा सईद अहमद और कुशल संचालन प्रधान गड़ेवरा अनिल शुक्ल ने किया।खंड विकास अधिकारी ने शासन की ओर से मिलने वाली सहायता के बारे बताया कि 35 हजार रुपए कन्या के खाते में ट्रांसफर होगा और 10 हजार रुपए का उपहार भेंट किया गया। कन्या को शासन की तरफ से मिलने वाले उपहार को प्रमुख मेजा ने सभी को भेंट कर आशीर्वाद दिया।अंत में सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) शुशांतु पांडेय ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।इस मौके पर प्रमुख रूप से नोडल अधिकारी दिनेश सिंह,सीडीपीओ सहित ब्लाक के समस्त कर्मचारी व अधिकारियों ने आशीर्वाद प्रदान किया।

## जसरा में दो दर्जन से अधिक जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

**जसरा।** जसरा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 2 दर्जन से अधिक जोड़ों की हुई शादी। जसरा के श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 2 दर्जन से अधिक जोड़ों का विवाह संपन्न पूरे विधि विधान के साथ संपन्न कराया गया। सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि विधायक बारा डा० वाचस्पति ने क्षेत्र के 26 जोड़ी का वैदिक विधान से वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न किया गया। जिसमें 26 जोड़ी का विवाह पूरे विधि विधान के साथ संपन्न कराया गया जबकि दो जोड़ें नहीं पहुंचे। विकास खंड जसरा के समाज कल्याण विभाग



की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संत प्रसाद पांडेय की उपस्थिति में सभी जोड़ो का विवाह संपन्न कराकर प्रमाण पत्र वितरित किया गया तथा आशीर्वाद प्रदान किया गया। खंड विकास अधिकारी डॉ० सपना अवस्थी ने बताया कि 26 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया तथा शासन की ओर से आए हुए अनुदान में से 35000 नगद सभी कन्या के खाते में रुपए स्थानान्तरण किया गया साथ ही 10000 के कपड़े बर्तन व चांदी के आभूषण सभी जोड़ों को प्रदान किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, फूलचंद पटेल, प्रधान संघ अध्यक्ष दारा सिंह पटेल, लल्लू सिंह, बृजेश सोनकर, आशीष सोनकर, अनिल शुक्ला, एडीओ पंचायत श्यामलाल तिवारी, रकेश सिंह,विज्ञान प्रभाकर शुक्ल, डा योगेन्द्र सिंह,आलोक पाठक, कुलभूषण मिश्र सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## बेटी और बेटे के अंतर को खत्म कर रहा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम : राजमणि कोल

### कोरांव बाजार के भागीरथी विवाह घर में 75 जोड़े एक साथ लिए सात फेरे





**रत्योरा।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में बेटी और बेटे के अंतर को खत्म करने का काम कर रहा है। बेटियों को बोझ समझने वाले पिता के साथ हमारी सरकार खड़ी है। गरीब बेटियों की शादी कराने का जिम्मा सरकार ने खुद लिया है। जिससे प्रदेश में बेटी और बेटों के भेदभाव में जो अंतर चला आ रहा था उसको कम करने में भी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन मददगार साबित हो रहा है। यह बातें कोरांव बाजार के भागीरथी विवाह घर में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में वर वधुओं को आशीर्वाद देते हुए विधायक राजमणि कोल ने बतौर मुख्य अतिथि कही। विधायक राजमणि कोल ने सामूहिक विवाह समारोह में कन्या की पांव पखारी कर मिसाल कायम की है। वर वधुओं एवं उनके परिजनों को विधायक राजमणि कोल ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि जिन गरीब बेटियों की शादी हो रही है उनके खाते में हमारी सरकार ?55000 की नकद धनराशि भेजने का काम कर रही है। उन्होंने मोदी और योगी का जिक्र करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार गरीबों को रहने के लिए घर देने एवं गरीब बेटियों की शादी कराने का काम कर रही है। सरकार दोनों हाथ खोल कर गरीबों को पैसा दे रही है। जिस तरीके से सरकार सहयोग कर रही है आप सहयोग लेने के लिए तत्पर रहें। हर किसी योजना का लाभ हर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही भाजपा सरकार का एक मकसद है। भागीरथी मैरिज हाल में विकासखंड कोरांव के अलग-अलग गांवो से वैदिक रीति रिवाज व पुरोहितों के मंत्रोच्चार के साथ कुल 70 जोड़े जहां एक साथ सात फेरे लिए, वही नगर पंचायत कोरांव के पांच जोड़े भी दांपत्य परिणय सूत्र के बंधन में बंधे। सभी जोड़ों का विवाह मुख्य पुरोहित रहे राकेश शुक्ला के द्वारा संपन्न में कराया गया। सामूहिक विवाह समारोह में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने भी वर वधुओं को आशीर्वाद दिया। इस दौरान उपस्थित रहे लोगों में प्रमुख रूप से नायब तहसीलदार अनिल कुमार, भारतीय किसान संघ काशी प्रांत के मंत्री भोला सिंह, अपना दल राष्ट्रीय कमेटी के सचिव रामजी सिंह पटेल, बबुआन द्विवेदी, लाल शास्त्री पटेल, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संतला देवी निषाद उर्मिला सिंह संजय सिंह पटेल ज्योति प्रकाश सिंह मुन्ना सिंह राजू सिंह समेत भारी संख्या में ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम पंचायत सचिव मौजूद रहे कार्यक्रम के अंत में सफल आयोजन के लिए खंड विकास अधिकारी ने आए हुए अतिथियों का आभार जताते हुए एवं वर-वधुओं को आशीर्वाद दिया। सामूहिक विवाह समारोह का सफल संचालन ओज कवि बबलू सिंह बहियारी ने किया।

# अश्लील वीडियो बना कर विवाहिता के साथ युवक ब्लैकमेल करते हुए करता रहा दुष्कर्म

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** एक युवक ने स्नान करते हुए एक विवाहिता की फोटो और अश्लील वीडियो बना कर ब्लैकमेल करते हुए विवाहिता के साथ एक वर्ष तक बलात्कार करता रहा। मामला तब खुल गया जब युवक का साथी मोबाइल में विवाहिता की फोटो देख लिया। विवाहिता ने मऊआइमा थाने में जब तहरीर दी तो कई दिनों तक सुलह समझौता की बात चलती रही। फिलहाल।पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र एक गांव निवासिनी एक विवाहिता का पति रोजी रोटी के सिलसिले में गुजरात के सूरत में कमाने गया है। घर पर उसकी पत्नी और बच्चे रहते हैं। आरोप है कि

**पीड़िता के तहरीर देने के बाद भी कई दिनों तक सुलह की पंचायत चलती रही**

**युवक के दोस्त ने मोबाइल में विवाहिता काअश्लील फोटो देख कर बना दिया पूरे गांव में चर्चा का विषय**

अप्रैल 2022 में पति ने अपने दोस्त से नौ हजार रुपये पत्नी को खर्च के लिए भेजा ।जब युवक दोस्त महिला के घर गया तो वह स्नान कर रही थी। जिसका वीडीओ, फोटो युवक बनाकर वापस लौट गया जब चार दिन बाद पैसा देने गया। तो उसने स्नान करने और निर्वस्त्र फोटो और अश्लील वीडियो देखा कर ब्लैमेल करते हुए उसके साथ ग्यारह माह तक दुराचार करता रहा। मामला तब खुला जब मोबाइल को युवक का साथी देख कर पूरे गांव में बता दिया। विवाहिता ने मऊआइमा थाने में आप बीती सुनाते हुए तहरीर दी। बताते हैं कि कई दिनों तक सुलह की पंचायत चलती रही। सुलह की बात नहीं बनी तो मामले की जांच पुलिस ने कि तो मामला सही पाया गया। पुलिस ने सुभाष लोहार पुत्र भगवान के खिलाफ रेप , आई टी एक्ट ,ब्लैमेलिंग की धारा में मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही है। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक मुकदमा नहीं दर्ज किया गया था। पीडिता का मेडिकल चेकअप कराने के लिए गांव पुलिस को भेजा है। उधर आरोपी की तलाश में पुलिस जुट गयी है। बताते हैं कि आरोपी पहले ही फरार हो गया है।

## नैनी गेस्ट हाउस में काटा गया दो कुत्तों का बर्थडे केक

### डेढ़ सौ लोगों ने खाया खाना, दिया गिफ्ट

**नैनी** इलाके में मेवालाल की बगिया के समीप स्थित एक गेस्ट हाउस में रविवार की रात दो कुत्तों का बर्थडे केक काटा गया। अपने आप में कौतूहल बने इस घटनाक्रम में दोनों मैलो और स्टफी नामके दोनों कुत्तों के जन्मदिन पर केक काटा गया। डीजे की धुन पर उन्हें केक खिलाया गया। बकायदा बर्थडे टोपी भी उन्हें पहनाई गई। जश्न मनाया गया। इस दौरान करीब 159 लोगो को खाना खिलाया गया। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है यमुनापार के नैनी कोतवाली क्षेत्र के पारेरहाट फैक्ट्री के समीप किराए के कमरे में मोहिनी गिरी रहती हैं। वह विधवा है। शहर के एक नर्सिंग होम में वह काम करके अपना भरण पोषण करती है। मोहिनी के पति की दस साल पहले मौत हो गई थी। मोहिनी ने साल भर पहले दो कुत्तों को एडॉप्ट किया था।जिनका नाम उन्होंने मैलो और स्टेफी रखा। 12 मार्च 2022 को मोहिनी गिरी उन दोनो कुत्तों को अपने घर लाई थी। इसलिए इसी दिन दोनो का बर्थ डे मनाने का निर्णय पहले से ही लिया था।

# बोला कोटेदार का भाई मैं एक किलो कम ही दूंगा कहो तो इंस्पेक्टर से बात करा दूं , वीडियो हुआ वायरल

अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** केंद्र और प्रदेश की सरकार जहां गरीब मजदूर परिवार को विगत कई वर्ष से मुफ्त में राशन देने का काम कर रही है ,वही कुछ सरकारी सस्ते गल्ले के दुकानदार सरकार के निदेर्शों और आदेशो का खुलेआम मखौल उड़ा रहे है । इसी तरह सोमवार के दिन एक वीडियो क्षेत्र के अमिलिया तरहार गांव के कोटेदार के देवर का वायरल हुआ जिसमें वह यह कहता हुआ दिखाई दे रहा है कि मैं एक किलो कम राशन दूंगा ,लेना हो तो लो नहीं तो कहो तो इंस्पेक्टर से बात करा दूं। उक्त वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो हड़कम्प मच गया। शंकरगढ़ ब्लॉक के अमिलिया तरहार (प्रथम) सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान सुमन देवी के नाम से आवंटित है। दुकान का संचालन सुमन देवी के देवर द्वारा किया जाता है। सोमवार के दिन राशन का वितरण किया जा रहा था। दुकान संचालक सभी ग्राहकों को निर्धारित राशन में एक किलो प्रति ग्राहक की कटौती करके दे रहा था। यह सब देख एक ग्राहक ने एक किलो कम देने का कारण पूंछा तो संचालक ने कहा मैं एक किलो कम ही दूंगा लेना हो तो लो नही तो कहो तो इंस्पेक्टर से बात करा दूं। उक्त प्रकरण में जब खाद्य आपूर्ति निरीक्षक नंद कुमार यादव से बात की गई तो उन्होंने कहा कि शासन के निर्देश के क्रम में ग्राहकों को निर्धारित राशन देने का सख्त निर्देश है । हां यह जरूर उक्त कोटेदार द्वारा शिकायत मिली थी कि उसके राशन में डेढ़ कुंतल की कमी हुई है । कमी हुई है तो उसकी पूर्ति खाद्य विभाग करेगा ,लेकिन कम देने की बात गलत है । जांच कर कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## कमीशनर के आदेश पर मार पीट का मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर एक ही परिवार के कई सदस्यों को लाठी डंडे सरिया से मारने पर थाने में सुनवाई न होने पर कमीशनर के आदेश पर चार नामजद अन्य अज्ञातों के खिलाफ मऊआइमा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा के खोजापुर गांव निवासी सुनील कुमार पाल पुत्र राम आधार पाल का अरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी एक राय होकर हाथों में लाठी डंडा सरिया लेकर उसे और उसके पिता राम अधार, भाई राम प्रकाश और गर्भवती पत्नी सुमन को मार कर बेहोश कर दिए। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी भी दिए। मऊआइमा थाने सुनवाई न होने पर सुनील कुमार पाल ने कमीशनर के यहां न्याय की गुहार लगाई। कमीशनर के आदेश पर पुलिस ने अमृतलाल ,शिवलाल ,अरुण कुमार ,अनिल कुमार तथा अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### हत्या की साजिश रचने वाले प्रेमी युगल को पुलिस ने भेजा जेल

**झूंसी।** एसटीएफ व झूंसी पुलिस ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की साजिश रचने वाली महिला व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। तीन शूटर वांछित है जिनकी तलाश जारी है। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि ट्रेन पर चढ़ने से पहले हत्या की प्लानिग थी। उमेश पाल मर्डर केस में लगी एसटीएफ को सर्विलांस के जरिए पता चला कि झूंसी में रहने वाले सुनील सिंह की रविवार को हत्या की सुपारी दी गई है। एसटीएफ इंस्पेक्टर अंजनी तिवारी ने वारदात से पहले सुनील सिंह की पत्नी कविता सिंह व झूंसी निवासी उसके प्रेमी सुरेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि कविता व सुरेंद्र प्रेम प्रसंग की जानकारी उसके पति को हो गई थी जिसकी वजह से वह अपने पति को रास्ते से हटाना चाहती थी। उसने अपने प्रेमी सुरेंद्र सिंह के साथ मिलकर सुरेंद्र के गांव हनुमानगंज फुलहा निवासी मनोज पासी, सैदाबाद गड़वा निवासी सुभाष पासी व उतरांव मीरईपुर निवासी सौरभ पाठक दो लाख रुपये में पति सुनील सिंह की हत्या की सुपारी दी थी। सुनील सिंह गाजियाबाद में प्राइवेट जॉब करता है होली पर वह अपने परिवार के पास आया था और रविवार को उसे वापस गाजियाबाद जाना था घर से वह जब ट्रेन पकड़ने के लिए निकलता इसी बीच उसके हत्या की तैयारी थी लेकिन उसके पहले ही अच्छी अपने प्रेमी युगल को गिरफ्तार कर लिया। सुरेंद्र भी शादीशुदा है सॉफ्टवेयर इंजीनियर है घर पर ही रहकर वर्क फ्राम होम कर रहा था 2 साल पहले कविता से उसकी नजदीकी वही और मामला प्रेमी बदल गया।

### डेढ़ किलो अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के तकिया चौराहा के समीप मुखबिर की सूचना पर बेरूई गांव निवासी अभियुक्त बनवारी यादव पुत्र स्वर्गीय ननकू यादव को सोमवार को थरवई पुलिस ने घेराबंदी कर 1 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थरवई पुलिस ने थाने में लिखा पढ़ी कर संबंधित धाराओं में निरुद्ध करते हुए विधिक कार्यवाही के साथ जेल भेज दिया। थरवई पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त पूर्व में भी अपराधिक मामलों के संबंधित धाराओं में वांछित है। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक बृजेश कुमार यादव थाना थरवई, हेड कांस्टेबल हंसलाल थाना थरवई एवं कांस्टेबल नूतन कुमार यादव थाना थरवई कमिश्नरेट शामिल रहे।

# कन्या विवाह सहायता योजना के अन्तर्गत मण्डल में 1126 व्यस्क पुत्रियों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न

**कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर एवं राज्यमंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) व अन्य जनप्रतिनिधिगणों ने सभी जोड़ों को दिया आशीर्वाद, 11 जोड़ों को अनुदान राशि का डेमो चेक तथा विवाह प्रमाणपत्र का किया गया वितरण**

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित कन्या विवाह सहायता योजना के अन्तर्गत मण्डल के जनपदों में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की 1126 व्यस्क पुत्रियों का परेड ग्राउण्ड, माघ मेला क्षेत्र में सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें 18 मुस्लिम धर्म के जोड़े भी सम्मिलित हुए। मा0 कैबिनेट मंत्री श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय, उ0प्र0 अनिल राजभर, मा0 राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग मनोहर लाल जी (मन्नू कोरी) व अन्य मा0 जनप्रतिनिधिगणों ने सभी वर-वधू को अपना आशीर्वाद प्रदान किया तथा उनको नए जीवन में प्रवेश की शुभकामना दी। मा0 कैबिनेट मंत्री जी ने 11 जोड़ों को अपने कर-कमलों से 75 हजार रुपए अनुदान राशि का डेमो चेक तथा विवाह प्रमाणपत्र का प्रदान किया। इसके पूर्व मा0 मंत्री जी ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि आज जो जोड़े अपने नए जीवन की शुरूआत कर रहे है, उनको बधाई व शुभकामनाएं देता हूं। मां गंगा, मां यमुना एवं मां सरस्वती की इस पवित्र धरती पर आप सभी लोगो को उनका आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से मुख्यमंत्री जी ने भी अपना आशीर्वाद आप लोगो को भेजा है। मंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन व उनकी प्रेरणा से तथा मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में आज प्रदेश सरकार इस संकल्प के साथ कार्य कर रही है कि प्रदेश की धरती पर बेटी पैदा होती है, तो हम उसका भार सिर्फ उसके पिता के कंधे पर नहीं आने देंगे। प्रदेश सरकार ने बेटियों के जन्म, उनके भरण-पोषण से लेकर आगे की सभी जिम्मेदारियों का दायित्व संभालने का संकल्प ले रखा है। मंत्री जी ने कहा कि यह चैथा सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। प्रथम सामूहिक विवाह गाजियाबाद में 3003 जोड़ों का, दूसरा सामूहिक विवाह अयोध्या में 1705 जोड़ों का और तीसरा सामूहिक विवाह मिजार्पुर मण्डल में 1108 जोड़ों का सम्पन्न कराया है। उन्होंने कहा कि आज प्रयागराज की धरती पर चैथा सामूहिक विवाह का आयोजन हो रहा है, जिसमें 1126 जोड़ों का विवाह संगम क्षेत्र में सम्पन्न हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम अन्य मण्डलों में भी आयोजित होगा। मंत्री जी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि श्रम विभाग द्वारा चलायी जा रही समस्त योजनाओं का लाभ पारदर्शिता एवं सुचिता के साथ अंतिम पात्र लाभार्थी तक पहुंच रहा है। इसके अतिरिक्त माननीय मंत्री जी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि बोर्ड द्वारा संचालित सभी योजनाएं पूर्णतः आनलाइन ओपन पोर्टल पर आधारित हैं। जहॉं श्रमिकों को अपने गॉंव व घर बैठकर सभी योजनाओं में आवेदन आनलाइन कर पात्रता के अनुसार लाभ प्राप्त किया जा सकता।

मंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती पर 08 करोड़ से अधिक कामगार रहते है, इनके सपनों को साकार करने के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्पित होकर उनके साथ खड़ी है। प्रदेश सरकार का यह संकल्प है कि यहां एक भी गरीब, कमजोर कामगार व श्रमिक ऐसा नहीं बचेगा, जिसके जीवन को हम पूरी तरह से बदल न दे। प्रदेश सरकार हर परिवार के रोजगार की चिंता कर रही है। हमारा गरीब, हमारा किसान अपने बल पर आत्मनिर्भर हो, इसके लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। उत्तर प्रदेश सरकार आज हर परिवार के आंकड़े जुटा रही है और ऐसे परिवार जिनके परिवार में कोई रोजगार या नौकरी नहीं है, ऐसे परिवार को सूचीबद्ध करने का कार्य किया जा रहा है, जिससे हर परिवार को रोजगार उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर को उपर उठाया जा सके। हमारी सरकार 24 घण्टे गरीबों व प्रदेश की उन्नति के लिए कार्य कर रही है। पूरे उत्तर प्रदेश के अंदर बेटियों के मां बाप को आश्वस्त करना चाहते है कि सरकार आप के साथ है। मंत्री जी ने कहा कि सरकार का यह संकल्प है कि प्रदेश की धरती पर कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे। उन्होंने कहा कि आज जिन जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ है, मेरा उनसे आग्रह है कि श्रम विभाग की तमाम योजनाओं के साथ आप अपने आप को जोड़ कर उनका लाभ उठायें। मंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार हर गरीब, हर कमजोर, हर किसान के सपनों को पूरा करने के लिए कृतसंकल्पित है और उन्हें पूरा करेंगे।

इस अवसर पर राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग मनोहर लाल जी(मन्नू कोरी) ने सभी जोड़ों को नव जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उन्नति की ओर अग्रसर है। अब बेटियों के परिजनों को इस बात की चिंता नहीं करनी पड़ती है कि उनका लालन-पालन एवं उनके दायित्वों का निर्वहन कैसे होगा। गरीबों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा कई योजनाएं चलायी जा रही है, जिनमें श्रम विभाग द्वारा चलायी जा रही कन्या विवाह योजना भी है, जिसके तहत सभी नव विवाहित जोड़ो को 75 हजार रू0 की अनुदान राशि दी जायेगी। इस अवसर पर विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्या, विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद, विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चैधरी, किन्नर अखाड़ा की महामण्डलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि (टीना मां), भाजपा यमुनापार अध्यक्ष विभवनाथ भारतीय, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, उपश्रमायुक्त राजेश मिश्रा ने सभी जोड़ो को आशीर्वाद देते हुए उनके खुशहाल जीवन की कामना की। कार्यक्रम के प्रारम्भ में उपश्रमायुक्त राजेश मिश्र ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत पंजीकृत श्रमिकों के वर-वधुओं को पोशाक क्रय करने हेतु र दस हजार उनके खाते में अंतरित किया जा चुका है तथा 65 हजार पंजीकृत श्रमिक के आधार लिंक बैंक खाते में अन्तरित किया जायेगा। इस प्रकार योजना के अन्तर्गत प्रति श्रमिक 75 हजार की धनराशि श्रमिकों के खाते में अन्तरित किए जाने का प्रावधान है। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने सभी अतिथियों एवं कार्यक्रम में आये हुए लोगो का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 रंजना त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

# 300 व्यस्क जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**कैबिनेट मंत्री ने 20 जोड़ों को अपने कर-कमलों से विवाह प्रमाणपत्र के साथ आवश्यक सामाग्री प्रदान की**



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत नगर निगम प्रयागराज द्वारा सोमवार को नार्दन रीजनल इंस्टीट्यूट आफ प्रिटिंग टेक्नोलॉजी परिसर, तेलियरगंज में 300 व्यस्क जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, सांसद इलाहाबाद प्रो0 डा0 रीता बहुगुणा जोशी की प्रतिनिधि श्रीमती ऊषा, विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद, गंगापार के भाजपा अध्यक्ष अश्वनी दुबे, नगर आयुक्त चन्द्रमोहन गर्ग, अपर नगर आयुक्त श्रीमती रत्नप्रिया, जिला समाज कल्याण अधिकारी त्रिनेत्र सिंह, परियोजना अधिकारी डूडा श्रीमती वर्तिका सिंह, समस्त जोनल अधिकारी नगर निगम ने सभी वर-वधू को अपना आशीर्वाद प्रदान किया तथा उनको नए जीवन में प्रवेश की शुभकामना दी। कैबिनेट मंत्री जी ने 20 जोड़ों को अपने कर-कमलों से विवाह प्रमाणपत्र के साथ आवश्यक सामाग्री प्रदान किया। इसके पूर्व मंत्री जी ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी जी ने कहा कि आज जो नव विवाहित जोड़े अपने नए जीवन की शुरूआत कर रहे है, उनको बधाई व शुभकामनाएं देता हूं। मंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन व उनकी प्रेरणा से तथा मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में आज प्रदेश सरकार इस संकल्प के साथ कार्य कर रही है कि प्रदेश की जिन गरीब बेटियों की शादी धनाभाव व दहेज के कारण नहीं हो पा रही थी, उनकी शादी धूमधाम से हो। दहेज का भार बेटी के पिता के कंधे पर नहीं आने दिया जायेगा। मंत्री जी ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास अब सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि सरकार का एक दृढ़संकल्प है। उन्होंने कहा कि आज जिन जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ है, मेरा उनसे आग्रह है कि सरकार द्वारा चलायी जा रही तमाम योजनाओं के साथ आप अपने आप को जोड़ कर उनका लाभ उठायें। मंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार हर गरीब, हर कमजोर, हर किसान के सपनों को पूरा करने के लिए कृतसंकल्पित है और उन्हें पूरा करेंगे। इस अवसर पर सांसद प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी के द्वारा आडियों मैसेज के माध्यम से भेजे गये शुभकामना संदेश को सुनाया गया। मंत्री जी ने इस अवसर पर नवविवाहित प्रत्येक जोड़े को अपनी ओर से एक साड़ी उपहार स्वरूप प्रदान की। इस अवसर पर फिजिक्स वाला फाउण्डेशन की ओर से प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को एक मिक्सी मशीन, एक फैन व एक कम्बल उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। कार्यक्रम में नगर आयुक्त ने सभी अतिथियों एवं कार्यक्रम में आये हुए लोगो का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रभाकर त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### श्रद्धांजलि सभा में मां ने उमेश पाल के हत्यारों को जल्द सजा देने की मांग की, योगी पर जताया भरोसा



**प्रयागराज।** उमेश पाल और उनके दोनों अंग रक्षकों को सोमवार को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही माफिया अतीक अहमद गिरोह के पूरी तरह सफाए के लिए आवाज उठाई गई। मां शांति देवी ने कहा कि माफिया के हमले में मारे गए दोनों अंगरक्षक भी उनके बेटे के समान हैं। जिस तरह से उनके तीन बेटों को मारा गया, उसी तरह माफिया और उसके शूटरों का भी जड़ से खात्मा होना चाहिए। 24 फरवरी को खुद के अपहरण मामले की सत्र न्यायालय से सुनवाई के बाद घर के सामने क्रेटा कार से उतरते ही गोली-बम मारकर उमेश पाल की हत्या कर दी गई थी। उनके दोनों अंगरक्षक संदीप निषाद और राघवेंद्र सिंह भी शहीद हो गए थे। होली के दूसरे दिन बीते नौ मार्च को हुई तेरहवीं पर परिजनों ने किसी को भी नहीं बुलाया था। सोमवार को उमेश के घर पर ही श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सुबह 11 बजे उमेश और दोनों सिपाहियों के चित्रों पर पुष्पांजलि के साथ ही श्रद्धासुमन अर्पित किया जाने लगा। परिवारीजनों के अलावा पड़ोसियों, रिश्तेदारों ने भी पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### चार चोर गिरफ्तार, आठ लाख के जेवरात बरामद



**झूंसी।** पुलिस ने सोमवार को क्षेत्र में हुई तीन चोरियों का खुलासा किया। पकड़े गए युवकों की निशानदेही पर पुलिस ने कछार से लाखों के जेवरात, नगदी व घरेलू सामान बरामद कर सभी को जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए झूँसी इंस्पेक्टर वैभव सिंह ने बताया कि 6 मार्च की रात सरायतकी में एक कपड़ा व्यापारी के सूने मकान का ताला तोड़ पकड़े गए युवकों ने लाखों के जेवरात व नगदी के साथ घरेलू सामान चोरी कर ले गए थे। पास में लगे सीसीटीवी में चारों का हुलिया कैद हो गया था। उनकी तलाश की जा रही थी सोमवार को कछार से चौकी इंचार्ज छतनाग नवीन सिंह, दरोगा धर्मेंद्र यादव, सचिन गुप्ता, अभय व सिपाही अवनीश कुमार, अभिषेक सिंह के साथ घेराबंदी कर सरायतकी निवासी धीरेंद्र यादव उर्फ बीरू, अजित यादव उर्फ जल्ले, छिबैया के लल्ला यादव, नैका निवासी विकास यादव उर्फ ननके को गिफ्तार कर आठ लाख के जेवरात, 4800 रुपये, पांच सिलेंडर बरामद किया गया। पुलिस की माने तो पकड़े गए सभी आरोपी स्मैक के आदी हैं और नशे के लिए ही क्षेत्र में चोरियां करते थे पहले भी जेल जा चुके हैं।

### कैबिनेट मंत्री के माता के निधन पर विधायक ने दी श्रद्धांजलि



**रत्योरा।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह के माता के निधन पर कोरांव सुरक्षित विधानसभा सीट के भाजपा विधायक राजमणि कोल ने ओडी चुनार कैबिनेट मंत्री के निवास पर पहुंचकर उनकी माता को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान विधायक ने कैबिनेट मंत्री समेत परिजनों को ढांढस भी बंधाया। विधायक राजमणि कोल के साथ कोरांव विधानसभा के कई नेता व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी भी कैबिनेट मंत्री के माता के निधन पर पहुंच कर श्रद्धांजलि दी है। विधायक के साथ श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से नगर पंचायत को कोरांव के निवर्तमान चेयरमैन नरसिंह कुमार केसरी, भारतीय किसान संघ काशी प्रांत के मंत्री भोला सिंह, अपना दल एस के राष्ट्रीय कमेटी के सचिव रामजी सिंह पटेल, ब्लाक प्रमुख कोरांव मुकेश कोल, बाबुआन द्विवेदी, महिला नेत्री संतरा देवी निषाद, उर्मिला सिंह, घनश्याम स्वर्णकार, नरेंद्र सिंह, समेत बीजेपी के कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी रहे।

# आशा वर्कर्स यूनियन ने निकाला पैदल मार्च

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन ने अपनी 12 सूत्री मांगों को लेकर विशाल पैदल मार्च निकाला। यह पैदल मार्च बालसन चौराहे से लेकर जिलाधिकारी कार्यालय तक गया। जहां सड़कों पर सैंकड़ों की संख्या में आशा वर्कर्स हाथों में तख्तियां लिए सरकार का विरोध किया।आशा वर्कर्स की मुख्य मांग यह है कि जो आशा वर्कर्स का बकाया वेतन है। उसको पूरा दिया जाए। जो सरकार द्वारा 1500 रुपए हम लोगों को देने के लिए कहा गया था। उसको दिया जाए। सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। हम लोगों का वेतन एक निश्चित मान देय दिया जाए। सरकार से हमारी यह गुजारिश है कि हम लोगों का वेतन डायरेक्ट हमारे खाते में आए। ना कि किसी अन्य के माध्यम से हमें दिया जाए। 21 ब्लॉक से आशा वर्कर्स शामिल : आशा ब्लॉक अध्यक्ष रेखा मौर्य ने कहा कि हमारी 12 सूत्री मांगे हैं। जो हम सरकार को 3 मार्च को ही लिखित में दे दिए हैं। आज हम इस विरोध प्रदर्शन से अपनी ताकत का उनको एहसास दिलाएंगे। क्योंकि उन्होंने हमारी बातों को गंभीरता से नहीं लिया। तो अब हमारी बहन ने अनिश्चित कालीन धरने के लिए तैयार हो गई है। सरकार हमसे विधानसभा में बैठकर के योगी मोदी बार-बार झूठ बोल रहे हैं। हम आशा बहुओं को 6700 से अधिक वेतन दे रहे हैं। लेकिन सरकार हमसे बार-बार झूठ बोलती है। आशाओं को देने के नाम पर उनके पास कुछ नहीं है। बार कागजों पर झूठा आश्वासन दिए हैं। हमारी बहनों के 6-6 महीने का मानदेय रोक लेते हैं। हमारी आशा बहनें किस तरह से रात दिन काम करके मेहनत करती हैं। सरकार उनके साथ बहुत बड़ा अन्याय कर रही है। हम लोगों को बैठने के लिए, रहने के लिए एक अच्छे जगह की सुविधा मिले। और हमारे पैसे रुके हैं। उसे समय से दिया जाए। मुख्यमंत्री की कुर्सी को नहीं संभाल पा रहे। तो छोड़े हम आशा बहुएं संभालेंगी।आशा रंजना ने कहा कि सरकार जो हम लोगों को लॉलीपॉप दे रही हैं। यह लॉलीपॉप देना बंद करें। हम लोग इनके टुकड़ों पर पलने वाले नहीं हैं। हमें अपना अधिकार चाहिए। राज्य कर्मचारी का दर्जा चाहिए। जब भी लोगों के पास फोन आता है। हम लोग अपने छोटे-छोटे बच्चों को छोड़कर, ना रात को रात समझते हैं। ना दिन को दिन, ना जाड़ा, ना बरसात को कुछ नहीं समझते। हम लोग सीएससी और पीएससी पर पहुंच जाते है। प्रसव से पीड़ित महिला के डिलीवरी के लिए लेकर चले जाते हैं। सरकार इतनी अंधी गूंगी और बहरी हो गई। हम आशा महिलाओं की दुःख, दर्द पीड़ा को नहीं समझ रही है।

**12 सूत्री मांगों को लेकर किया डीएम कार्यालय का घेराव**




# मेजा में जच्चा-बच्चा की मौत मामले में कार्रवाई, सुनीता अस्पताल सील

**प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र के रामनगर में संचालित सुनीता हॉस्पिटल पर विभागीय कार्रवाई कर दी गई है। सीएमओ के निर्देश पर अस्पताल को सील करते हुए अविलम्ब स्पष्टीकरण मांगा गया है। बीते दिनों जच्चा बच्चा की मौत को लेकर दैनिक भास्कर ने ये खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर को सीएमओ ने गम्भीरता पूर्वक संज्ञान में लेकर कार्रवाई की है।मामला मेजा थाना क्षेत्र के चिरैया मोड़ बाजार का है। यहां पर सुनीता अस्पताल स्थित है। बीते दिनों अस्पताल में डिलीवरी के दौरान जच्चा बच्चा की मौत हो गई थी। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया था। डॉक्टर पर नशे में ऑपरेशन करने का आरोप भी लगा था।परिजनों का डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप जानकारी के मुताबिक, बीते बुधवार की सुबह कोमल कुशवाहा की प्रसव के दौरान मौत हो गई थी। उनका बच्चा भी गर्भ में ही मर गया। बता दें कि प्रसव के लिए वह सुनीता हॉस्पिटल में भर्ती थीं। परिजनों ने बताया कि डॉक्टरों ने जच्चा बच्चा को गारंटी के तौर पर ठीक करने की बात कही। लेकिन डॉक्टरों ने ऑपरेशन सही तरीके से नहीं किया। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान डॉक्टर शराब के नशे में रहे। जिससे जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। परिजनों ने हॉस्पिटल के ऊपर कार्रवाई करने की मांग की थी।सूत्रों की माने तो उक्त हॉस्पिटल में अक्सर इस तरीके की घटनाएं घटित होती रहती हैं। लेकिन रसूख पैसे के चलते मामला रफा-दफा कर दिया जाता था। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस बार क्या कार्रवाई करता है। महिला को इसके पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टरों ने हालत खराब देख शहर रेफर कर दिया था लेकिन आशा बहू के चक्कर में उक्त महिला को प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया यहां यह घटना घटित हुई है।

**सीएमओ ने संचालकों से स्पष्टीकरण मांगा**



# आत्मनिर्भर भारत की मजबूती के लिए ई-वाहन विकसित करना समय की मांग : नन्दी

**नैनी।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने सोमवार को यूनाइटेड कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड रिसर्च (यूसीईआर) नैनी प्रयागराज में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) का उद्घाटन किया। जिसका संचालन नोएडा स्थित भारत की सबसे बड़ी ई-मोबिलिटी, अनुसंधान एवं विकास और कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करने वाली कम्पनी आईएसआईई इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया जाएगा। जिसका उद्देश्य भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत इंजीनियरिंग छात्रों के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास, अनुसंधान और कौशल विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देना है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन करते हुए मंत्री नन्दी ने कहा कि यूनाइटेड ग्रुप की इस पहल से प्रयागराज और पूर्वांचल क्षेत्र के युवाओं को अपने तकनीकी कौशल को विकसित करने में मदद मिलेगी, जिससे उनके लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। मंत्री नन्दी ने कहा कि वर्तमान में ई-वाहन विकसित करना समय की मांग बन गया है। क्योंकि इलेक्ट्रिक वहां न केवल ईंधन की खपत को कम करेंगे बल्कि पर्यावरण को भी बचाने में मददगार साबित होंगे। मंत्री नन्दी ने युवाओं को सफलता के कुछ मंत्र भी दिए। उन्होंने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि सफलता के लिए शॉर्ट कट तरीके न अपनाएं। जीवन में सफल होने के लिए समस्या को चुनौती के रूप में स्वीकार करें। उन्होंने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए यूजीआई प्रबंधन की भी सराहना की। मंत्री नन्दी ने फीता काट कर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन (यूजीआई) के प्रेसिडेंट डॉ जगदीश गुलाटी, वाइस चेयरमेन सतपाल गुलाटी और वाइस प्रेसिडेंट गौरव गुलाटी, आईएसआईईइंडिया प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनोद गुप्ता और निदेशक, एलायंस पार्टनरशिप शुभंकर चक्रवर्ती भी उपस्थित थे। डीन, कॉर्पोरेट एण्ट इंडस्ट्री रिलेशन्स, यूजीआई डॉ दिव्या बरतरिया ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य इंजीनियरिंग स्नातकों को उच्च गुणवत्ता वाली तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करके उद्योग जगत के लिए तैयार करना है। इस अवसर पर यूजीआई के प्रेसिडेंट व वाइस चेयरमैन ने मुख्य अतिथि मंत्री नन्दी का स्वागत व सम्मान गुलदस्ता, स्मृति चिन्ह व शाल भेंट कर किया।

**मंत्री नन्दी ने यूनाइटेड ग्रुप में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का किया उद्घाटन, प्रयागराज और पूर्वांचल के छात्रों को मिलेगा लाभ**





# कार्यालय ग्राम पंचायत घेघसाही विकासखंड कोरांव प्रयागराज

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

**वित्तीय वर्ष 2023 - 24**

मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत घेघसाही में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोलिखित विवरण के अनुसार कार्य कराने हेतु दिनांक 14 - 03- 2023 से 20 - 03 - 2023 तक सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 23 - 03 - 2023 को ग्राम पंचायत कार्यालय में दोपहर बाद 2:00 बजे समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नियम व शर्तों की जानकारी ग्राम पंचायत अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्य विवरण :**

1- घेघसाही में राम बहादुर के घर से रामबाबू के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य (अनुमानित लागत 6.35450 लाख)

2- घेघसाही में मथुरा के घर से लालमणि के घर तक पक्की नाली निर्माण कार्य (अनुमानित लागत 3.62358 लाख)

**गंधर्व कुमार सिंह ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत घेघसाही**

**शशिलेंद्र सिंह ग्राम पंचायत सचिव**

## आवास में धांधली की शिकायत मुख्यमंत्री से

**पट्टी, प्रतापगढ़।** गांव में प्रधान की भ्रष्टाचार की पोल खोलते हुए एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र दिया है, जिसमें जांच कराने की मांग उसने मुख्यमंत्री से किया है। पट्टी तहसील क्षेत्र के रामपुर बेला गांव के रहने वाले जगन्नाथ पुत्र माताफेर ने एक शिकायती पत्र मुख्यमंत्री को दिया है जिसमें आरोप लगाया है कि आवास के नाम पर जमकर प्रधान और ब्लॉक के अधिकारी बंदरबांट कर रहे हैं। पात्रों को आवास दिया जा रहा तथा जो पात्र हैं उन्हें नहीं दिया जा रहा है उन्होंने कई व्यक्तियों का जिक्र करते हुए मामले में स्वतंत्र जांच एजेंसी द्वारा जांच कराए जाने की मांग मुख्यमंत्री से किया है।

# छह केन्द्रों पर सम्पन्न हुई हाईस्कूल की कम्प्यूटर व इंटर की फिजिकल एकजुकेषन परीक्षा

### न्यू एंजिल्स स्कूल में आज हाईस्कूल व इंटर के थे 709 परीक्षार्थी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सीबीएसई बोर्ड की हाई स्कूल की कम्प्यूटर विषय की परीक्षा और इण्टर की फिजिकल एजुकेशन विषय की परीक्षा जनपद के सभी छः केन्द्रों पर हुई। न्यू ऐन्जिल्स में केन्द्र व्यवस्थापक बी.के.सोनी और जे. एम. जी. स्कूल, कालाकांकर के प्रधानाचार्य मनीष शर्मा, पर्यवेक्षक की देखरेख में परीक्षा कार्य सम्पन्न हुआ।

न्यू ऐन्जिल्स सी.से.स्कूल केन्द्र पर कक्षा दस के कुल 435 छात्र/छात्राएं और कक्षा 12 के 274 छात्र/छात्राओं को परीक्षा देना था। सी.बी.एस. ई बोर्ड द्वारा केन्द्र पर कुल 709 छात्र एवं छात्राएं आबंटित किये गये थे, जिसमें जनपद प्रतापगढ़ के ए.टी.एल स्कूल, आत्रेय अकादमी, सेंट जेवियर पट्टीं, सेंट



परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी दिखे खुश।

जेवियर्स चिलबिला, एस एन एस.एन.एस स्कूल के छात्र एवं छात्राएं परीक्षा देने के लिये प्रातः 9 बजे से ही विद्यालय गेट पर जमा होने लगे 9.30 बजे विद्यालय गेट खुल गया और पुरुष एवं महिला कक्ष निरीक्षकों ने सभी का ऐडमिट कार्ड और स्कूल आई-कार्ड चेक करके सीटिंग प्लान के अनुसार उनका विद्यालय में प्रवेश लिया। कक्षा 10 के दस छात्र छात्राएं कम्प्यूटर विषय में अनुपस्थित रहे। 425 उपस्थित रहे और इण्टर में केवल 4 छात्र/छात्राएं अनुपस्थित रहे और 270 छात्र छात्राओं ने परीक्षा में अपनी उपस्थिति दर्ज की। अनुशासनिक व्यवस्था चुस्त और दुरुस्त रही। परीक्षा सुचारु रूप से सम्पन्न हुई कक्षा दस की परीक्षा 12 बजे समाप्त हो गयी और इण्टर की परीक्षा अपने समय से 1.15 पर वार्निंग बेल और 1.30 बजे परीक्षा समाप्ति की बेल के साथ समाप्त हुई। सभी छात्र/छात्राएं हँसते मुस्कुराते हुए एक दूसरे से पेपर के बारे में बातें करते हुए परिसर से बाहर चले गये। डॉ शाहिदा चेयरपर्सन न्यू ऐन्जिल्स सी.से.स्कूल ने बताया कि सत्र 22/23 की सबसे अधिक बच्चों की परीक्षा आज ही थी जो शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुई।

# भाजपा शासन की गरीबों की बेटी की शादी की चिंता दूरः विधायक

### कम्पनी गार्डेन में सामूहिक विवाह में 26 जोडे.हुए एक दूसरे के

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सोमवार को शहीद उद्यान (कम्पनी गार्डेन) में 26 जोडे.एक दूसरे के बंधन में बंधकर जीवन साथी बन गये। इसमें नगर पालिका व नगर पंचायत कटरा मेदनीगंज के लाभार्थी थे जिन्हें शासन की ओर से 50 हजार रुपये प्रत्येक दम्पत्ति को दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री की योजना का लाभ हर क्षेत्र के गरीबों को मिल रहा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने कहा कि पहले गरीबों के यहां लड़की पैदा होना अभिषाप माना



सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मौजूद वर-वधू व अतिथिगण।

जाता था। उनके माता पिता को उसके विवाह की चिंता रहती थी जिसे भाजपा शासन ने समाप्त कर दिया। नगर पालिका की निवर्तमान अध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गरीबों का मसीहा बताते हुए कहा कि गरीबों की बेटियों का विवाह धूमधाम से कराना सबसे बड़ा काम है। बताया गया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 18 जोडे.बौद्ध धर्म के लोगों तथा आठ जोडे.गायत्री परिवार द्वारा लगाये गये थे। समारोह में समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार, नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील, आरआई लाल बहादुर सिंह व राजेष बिंद, स्वच्छ भारत मिषन के आषीष मिश्रा, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, प्रषांत सिंह के अलावा सभासद गायत्री शुक्ला, ज्ञानेष मिश्र भी व्यवस्था की देखरेख में जुटे रहे।

# शिक्षा से ही होता है सर्वांगीण विकासः प्रमुख

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** नगर स्थित बचपन प्ले स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि विकासखण्ड लालगंज के प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह ने कहा कि बच्चों में गुणव×ापरक शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा से ही जीवन में मनुष्य सफलता के उच्चतम शिखर को हासिल कर सकता है। उन्होंने स्कूल के बच्चों से लगन व मेहनत से पढ़ाई करने के प्रति प्रेरित किया। इसके पूर्व स्कूल के नन्हें मुन्हों ने गीत, नृत्य, नाटक आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य ध्रुव सिंह ने विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम का आयोजन डा. वीरेश सिंह व संचालन दिनकर प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर जमुना प्रसाद यादव, धर्मेन्द्र सिंह, दिनकर सिंह, योगेश सिंह, नपं प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संतोष मिश्र आदि मौजूद रहे।

## अंतू एसओ को एसपी ने किया लाइन हाजिर

**प्रतापगढ़।** कोतवाली अंतू एसओ प्रदीप कुमार को एसपी सतपाल अंतिल ने लाइन हाजिर किया है। जनता से लगातार दुर्व्यवहार की षिकायतें मिल रही थी। जाँच में शिकायत सही मिलने पर एसपी ने कार्यवाही की। एसपी सतपाल अंतिल की लगातार इस तरह की कार्यवाही पर पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

## गाजे-बाजे के साथ तीर्थ यात्रा पर निकले श्रद्धालु

**लालगंज प्रतापगढ़।** पितृ देवताओं के पूजन अर्चन तथा शांति की कामना को लेकर श्रीगया धाम के लिए श्रद्धालुओं में खासा उत्साह बना हुआ देखा जा रहा है। लालगंज नगर के सलेम भदारी निवासी पूर्व कृषि अधिकारी मिथलेश श्रीवास्तव गाजे बाजे के साथ श्रीगया धाम रवाना हुए। तीर्थ यात्री मिथलेश का ग्रामीणो ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान दयाराम वर्मा, उमेश यादव, तनमय श्रीवास्तव, महेश दुबे, प्रभाकर ओझा, रामनरेश वर्मा, अंकित श्रीवास्तव, राजाराम यादव आदि रहे।

# राम मूर्ति मिश्र इण्टर कॉलेज अगई में कवियों की सजी महफिल

### मधुप की स्मृति में आयोजित हुआ राष्ट्रीय कवि सम्मेलन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आचार्य रमाशंकर मिश्र मधुप की पावन स्मृति में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान दूर-दराज से आए कवियों ने अपनी-अपनी रचनाओं को पढ़कर लोगो को झूमने के लिए मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम में दिल्ली से पधारे भुवनेश सिंघल भुवन ने शहीद भगत सिंह पर आधारित कविता से महफिल में जोश भरा तो डॉ श्लेष गौतम ने याद आती है अब भी तेरी, तुझसे बिछड़े जमाने हुए। तू किसी की फलानी हुई, हम किसी के फलाने हुए पढ़कर खूब तालियाँ बजवाईं। अहमदाबाद से आये मन कुमार ने अपने हास्य व्यंग्य से श्रोताओं को गुदगुदाया। मध्य प्रदेश की सरला मिश्रा ने नारी शक्ति पर





कवयित्री को सम्मानित करते आयोजकगण।

आधारित गीत पढ़ कर तालियाँ बटोरीं। वहीं लखनऊ की हेमा पांडेय , कानपुर की डॉ अंजना कुमार ,प्रयागराज के शिवम भगवती, डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी, ,डॉ के एन सिंह, गौरव शर्मा आशुतोष मौर्या आदि ने अपनी रचनाओं को पढ़कर खूब वाहवाही लूटी। कवि सम्मेलन के बाद झाँकियों व जागरण में इलाहाबाद के कलाकारों ने मनमोहक झाँकियों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के पूर्व मुख्य अतिथि के रूप में प्रो०विजय श्री सोना तिवारी व प्रयागराज के वरिष्ठ कवि डॉ श्लेष गौतम ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवालित कर किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व कुलपति प्रो० कामता प्रसाद त्रिपाठी पीयूष जी रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता हरि शंकर मिश्र ने की। विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारिका प्रसाद त्रिपाठी एवं आयोजक विजय शंकर मिश्र ने अतिथियों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेट कर स्वागत किया। व आये हुए कवियों, आगन्तुकों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन हरि बहादुर हर्ष ने किया। हरि शंकर तिवारी, कृष्ण कुमार मिश्रा, ओम प्रकाश सिंह, संजीत शुक्ल, अखिलेश शुक्ल, अनूप विश्वकर्मा, सुरेंद्र कुमार शर्मा, शिव बहादुर मौर्य, विजय कुमार वर्मा, फूलचन्द्र तिवारी, कृष्ण कुमार पाल, नन्हेलाल पाल, बबिता वर्मा, शिखा तिवारी, स्वाती सिंह, सरिता, अर्चना, हरिकेश

# स्नेहा और अलका राज्य स्तर के सेमिनार में करेंगे प्रतिभाग

### लखनऊ और कानपुर में होगा आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ में, सूचना एवं प्रसारण एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश जिला अधिकारी प्रतापगढ़ एवं जिला विद्यालय प्रतापगढ़ के निर्देश के क्रम में जनपद स्तरीय वाद विवाद पेंटिंग एवं कथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

राज्य स्तर पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर एवं किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ में क्रमशः 24 मार्च एवं 6 अप्रैल 2023 को आयोजित सेमिनार एवं कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय स्तर के मेहमान देशों प्रतिभाग करेंगे। समक्ष प्रत्येक जनपद से चयनित छात्र छात्राओं को अपने महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत करने का





पेंटिंग व कथन प्रतियोगिता की प्रतिभागी छात्राएं।

अवसर प्राप्त होगा। भारत 1 दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 जी 20 की मेहमान नवाजी करेगा और उस दौरान विभिन्न कार्यक्रम और इवेंट संपन्न होंगे। प्रतियोगिता का विषय रहा हेल्थ वेल बीइंग एंड स्पोर्ट्स, एजेंडा फॉर यूथ और फ्यूचर ऑफ वर्क-इंडस्ट्री 4 पॉइंट जीरो इन्नोवेशन, एंड 21वी सेंचरी स्किल्स प्रतियोगिताओं में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और अपने विचारों को सम्मानित निर्णायक मंडल के सामने प्रस्तुत किया। गर्दन के अध्यक्ष गरिमा श्रीवास्तव प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ ने किया जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर मोहम्मद अनीश ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समर बहादुर सिंह डिप्टी डायरेक्टर नेहरू युवा केंद्र प्रतापगढ़ रहे अति विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर विंध्याचल सिंह प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बडौदा प्रतापगढ़ रहे विशिष्ट अतिथि में सुमित पाल क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी एवं इन अविनाश मल क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी प्रतापगढ़ सम्मानित निर्णायक मंडल में श्रीमती गीता उप प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ श्री अनिल नीले प्रधानाचार्य राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सराय आना देव प्रतापगढ़ एवं सीमा तबस्सुम राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ रहे इस अवसर पर परिणाम इस तरह से रहा प्रथम विषय में वाद विवाद प्रतियोगिता में कुमारी स्नेहा मिश्रा कक्षा 9 प्रथम राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ एवं पेंटिंग में जिया अख्तर कक्षा 10 राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ द्वितीय विषय में वाद विवाद प्रतियोगिता में कुमारी अलका श्रीवास्तव कक्षा 10 प्रथम राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सराय आना देव प्रतापगढ़ और पेंटिंग में कुमारी गार्गी सिंह कक्षा 10 प्रथम स्थान राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सराय आना देव प्रतापगढ़ रही। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार एवं उमर जमील विनय मिश्रा मोहम्मद तौफीक आदि उपस्थित रहे।

# श्रीमदभागवत कथा शुभारंभ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा, मगन श्रद्धालु

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** नगर में श्रीमदभागवत कथा ज्ञानयज्ञ के शुभारंभ को लेकर सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। नगर के विद्या मंदिर मार्ग से गाजे बाजे व अबीर गुलाल उडाते भक्तो का समूह सिर पर कलश धारण कर जंगली वीर बाबा धाम पहुंची। कलश यात्रा विद्या मंदिर होते हुए घुइसरनाथ रोड से तहसील पाश्र्व कालोनी के नेताजीपुरम से वापस कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा मे शामिल महिलाएं हरे कृष्ण राधे संकीर्तन मे भी मगन देखी गयी। कलश यात्रा का संयोजन समाजसेविका सुशीला शुक्ला तथा प्रदीप शुक्ल ने किया। इसके बाद पहले दिन शुरू हुई भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथाव्यास पं. वाचस्पति शुक्ला ने कहा कि भगवान की कथा का श्रवण कलिकाल मे अमृत पुण्य का लाभ दिया करता है। उन्होने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के लोकावतार मे संसार के पथ को नीति पथ व धर्म के शाश्वत मूल्यों के मजबूत बने रहने का संदेश मिला करता है। कथा के दौरान आध्यात्मिक भजनों को सुनकर भी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे दिखे। सह संयोजक आशीष शुक्ल एवं दिनेश शुक्ल ने कथाव्यास का श्रीअभिषेक किया। इस मौके पर कृष्ण कुमार शुक्ल, शंभू तिवारी, झुन्ना तिवारी, ज्ञानप्रकाश तिवारी, लवकुश शुक्ल, विनोद सोनी, बच्चा तिवारी, आशुतोष शुक्ल, हरिमोहन यादव आदि रहे।

## पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली के चिलबिला चैराहे पर वाहन चेकिग अभियान चलाया गया। सड़क के किनारे लगी फुटपाट दुकानों को पीछे कराया गया। नगर कोतवाल सत्येंद्र सिंह ने स्कॉर्पियो गाड़ी से ब्लैक फिल्म उतरवाया। अभियान के दौरान नगर कोतवाल, चिलबिला चौकी प्रभारी अपने हमराहियो के साथ मौजूद रहे।

# सहकारी समितियों के सभापति, उपसभापति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू

### 18 व 19 मार्च को मतदान कराकर उसी दिन होगी परिणाम की घोषणा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले में सहकारी समितियों के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अधिकारियों ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। प्रबंध समिति के सदस्य सभापति व उपसभापति का निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। 18 मार्च को सदस्य पद के लिए मतदान होना है, जबकि सभापति व उपसभापति पद के लिए मतदान 19 मार्च को होगा। इसी दिन मतगणना कराने के बाद परिणाम भी घोषित किया जाएगा। शनिवार को अनंतिम मतदाता सूची का प्रदर्शन किया गया।

जिले में सहकारी समितियों के सदस्यों का कार्यकाल खत्म होने के बाद 28 जनवरी 2023 को समिति का बोर्ड भंग कर दिया गया था। शासन के निर्देश पर चुनाव आयोग द्वारा सहकारिता का चुनाव कार्यक्रम घोषित किया जा चुका है। प्रतापगढ़ जिले की 172 सहकारी समितियों और 47 वेतन भोगी, यानी कुल 219 समितियों पर चुनाव होना है। चुनाव के लिए 13 मार्च को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। सदस्य पद के लिए 14 मार्च को नामांकन, 15 को नामांकन पत्रों की जांच, 16 को नाम वापसी तथा चुनाव चिन्ह आवंटन होगा। सदस्य के चुनाव के लिए 18 मार्च को मतदान होगा और उसी दिन मतदान मतगणना के परिणाम घोषित किया जाएगा। निर्वाचित सदस्यों से ही समितियों के सभापति व उपसभापति का चुनाव कराया जाएगा। सभापति व उपसभापति पद के लिए 19 मार्च को सारी प्रक्रिया पूरी की जाएंगी। सुबह 11:00 से 12:00 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे, 12:00 से 12:30 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगी और दोपहर 1:30 से 2:00 बजे तक नाम वापसी तथा दो से ढाई बजे तक चुनाव चिन्ह आवंटित होगा। दोपहर 3:00 बजे से 4:00 बजे तक मतदान होना है। इसी दिन मतगणना कर विजयी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जाएगी।

## नियुक्त किए गए निर्वाचन अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शासन के निर्देश पर सहकारी समितियों के चुनाव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इसे लेकर ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी व सिंचाई विभाग के अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एआर कोआपरेटिव अरविंद प्रकाश ने बताया कि जिले में कुल 219 सहकारी समितियों पर चुनाव होना है। इसकी तैयारियां पूरी हो गई हैं। निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। चुनाव अधिकारी का प्रशिक्षण पूरा हो गया है। शनिवार को अनंतिम मतदाता सूची का प्रदर्शन किया गया।

## पीआरडी स्वयंसेवक 31 मार्च तक उपलब्ध कराएं अभिलेख

**प्रतापगढ़।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी केशव कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि प्रान्तीय रक्षक दल के वैध रूप से प्रारम्भिक प्रशिक्षण प्राप्त किये पी0आर0डी0 स्वयंसेवकों का डाटाफीडिंग हेतु अभिलेख उपलब्ध कराये जाने के लिये अन्तिम रूप से 31 मार्च 2023 तक समय निर्धारित किया गया है। उन्होने जनपद के आनलाइन डाटा फीडिंग से छुटे हुये समस्त पीआरडी स्वयंसेवको को सूचित किया है कि अपने प्रशिक्षण सम्बन्धित समस्त अभिलेख जन्मतिथि प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, विभागीय पहचान पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक आदि 31 मार्च 2023 तक अपने विकास खण्ड के क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी को उपलब्ध करा दें। निर्धारित तिथि तक यदि किसी पीआरडी स्वयंसेवक द्वारा समस्त वांछित सही अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो उन्हें अब अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा तथा उन्हें प्रान्तीय रक्षक दल से पृथक माना जायेगा।

# किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म मामले में चार को आजीवन कारावास की सजा

### एक-एक लाख रुपये का लगा अर्थदण्ड

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट पंकज कुमार श्रीवास्तव ने नाबालिक के अपहरण, लूट, जान से मारने की धमकी देने व उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म, के आरोप में दोषी पाते हुए शिवम सरोज कोट का पुरवा संसारपुर को कठोर आजीवन कारावास तथा पचास हजार रूपया अर्थदंड से, मुन्नू निवासी गोवर्धनपुर थाना देल्हूपुर को कठोर आजीवन कारावास व एक लाख पैतालीस हजार रूपया अर्थदंड से, रफीक निवासी पवारपुर तथा तफ्शीर निवासी गोवर्धनपुर समस्त थाना देल्हूपुर को दोषी पाते हुए कठोर आजीवन कारावास व प्रत्येक को एक-एक लाख रूपया के अर्थदण्ड से दंडित किया।

वादी मुकदमा के अनुसार 23 सितंबर 2022 को समय लगभग 12बजे दिन में उसकी लड़की पीड़िता रामापुर बाजार से कुछ सामान लेने के लिए गई थी काफी समय व्यतीत हो जाने के बाद जब वह वापस नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन की गई परंतु कोई जानकारी नहीं पता चल सका, तब कुछ देर बाद थाना देल्हूपुर की पुलिस द्वारा सूचना मिली कि उसकी लड़की पीड़िता गजेहडा जंगल के पास विक्षिप्त अवस्था में मिली है, जिसे महिला जिला अस्पताल प्रतापगढ़ दवा इलाज हेतु भर्ती कराया गया तब हम लोग जिला महिला अस्पताल पहुंचे और अपनी लड़की पीडिता से मिलकर घटना के संबंध में पूछा तो उसने बताया कि वह घर से मामा के घर आ रही थी। रास्ते में विश्वनाथ गंज बाजार के पास शिवम सरोज ने उसे जबरदस्ती रोक लिया अपने दो अन्य साथियों के साथ गजेहडा जंगल आया और उसके सभी साथियों ने बारी बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। उन लोगों ने पीडिता की पायल व उससे 400 भी छीन कर ले गए। राज्य की ओर से नियुक्त विशेष लोक अभियोजक देवेश चंद्र त्रिपाठी व देवेंद्र त्रिपाठी ने किया। 13 मार्च 2023 को सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए विशेष न्यायधीश पाक्सो अधिनियम पंकज कुमार श्रीवास्तव ने चारों अभियुक्तगणों को कठोर आजीवन कारावास व अर्थदंड से दंडित किया।

## विद्युत संविदा कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विद्युत संविदा कर्मियों ने सोमवार को जिला कचहरी में प्रदर्षन किया और मुख्यमंत्री को सम्बोधित 5 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि विद्युत संविदा कर्मी के लिये नियत करके वेतन भुगतान किया जाए, साप्ताहिक व धार्मिक अवकाषों की सुविधा संविदा कर्मियों को मिले, अतिरिक्त कार्य कराने पर अतिरिक्त वेतन दिया जाए, वेतन भुगतान प्रत्येक माह की पांच तारीख तक कर दिया जाए व दुर्घटना के दौरान तत्काल राहत/सुविधा प्रदान की जाए। प्रदर्षन करने वालों में राजेन्द्र कुमार सिंह, रवीन्द्र कुमार गौतम, मदन कुमार, मुकेष कुमार, दिनेष कुमार गौड़ आदि कर्मी मौजूद रहे।



कचहरी में मांगों को लेकर प्रदर्शन करते संविदा कर्मी।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमें यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 169 वाहनों का ई–चालान किया गया तथा 02 वाहन से 1000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 16 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से दो थाना महेवाघाट से एक थाना सराय अकिल से एक थाना चरवा से चार थाना सदीपनघाट से चार थाना सैनी से एक थाना कडाधाम से दो थाना पिपरी से एक कुल 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# अधिकारी 10 बजे से 12 बजे तक जनसुनवाई कर शिकायतों का करें निस्तारण : डीएम

**अखंड भारत संदेश**

### डीएम ने की विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा


विकास कार्यक्रमों की बैठक को संबोधित करते डीएम साथ में बैठे सीडीओ

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जनसुनवाई कर शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करने तथा किसी अधिकारी के अवकाश/क्षेत्र भ्रमण में जाने पर अपने अधीनस्थ अधिकारी को जनसुनवाई के लिए नामित करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने आई0जी0आर0एस0 के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि शिकायत डिफाल्टर होने से पूर्व ही निस्तारित हो जाय। उन्हांने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को गोद लिए गये विद्यालयों एवं ऑगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि विभागीय सरकारी भूमि पर अतिक्रमण/अवैध कब्जा न होने पाये तथा अवैध अतिक्रमण/कब्जा है तो तत्काल हटवाया जाय। उन्होंने बैठक में खनन अधिकारी के अनुपस्थित पाये जाने पर वेतन रोकने एवं लापरवाही बरतने पर डीपीआरओ से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दियें। बैठक में जिलाधिकारी ने निराश्रित गोवंशों की समीक्षा के दौरान सहभागिता योजना के तहत लक्ष्य आवंटित कर गोवंशों की सुपुर्दगी में तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोनिवि को निमार्णाधीन सड़कों का निर्माण कार्य/ चौड़ीकरण कार्य को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान जिला बेसिक शिक्षाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि प्रचार-प्रसार कराकर लोगों को जागरूक किया जाय, जिससे जन्मजात दोष वाले बच्चों का इलाज कराकर लाभान्वित किया जा सकें। उन्होंने डी0पी0आर0ओ0 को हैण्डपम्पों का सत्यापन कराकर आवश्यकतानुसार रिबोर आदि कार्य कराने के निर्देश दियें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को ग्राम पंचायतों की जॉच कर आख्या डी0पी0आर0ओ0 को शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 02 लाख 24 हजार 294 गोल्डेन कार्ड अब तक बनाये जा चुकें हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में 05 स्वास्थ्य केन्द्रों-मूरतगंज,इस्माइलपुर (कड़ा), सरायं अकिल, सिराथू एवं कनैली पर टेलीमेडिसीन की सुविधा उपलब्ध है, जिसके तहत अपोलो हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों से मरीजों का निःशुल्क इलाज/परामर्श सुविधा उपलब्ध करायी जा रहीं है, गत-माह 1153 लाभार्थियों को टेलीमेडिसीन की सुविधा उपलब्ध करायी गई हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल एक्सरे की भी सुविधा उपलब्ध है। डीएम द्वारा नई सड़कों का निर्माण/चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पशुओं का टीकाकरण, आयुष्मान भारत योजना, दवाओं की उपलब्धता, ऑपरेशन कायाकल्प, हैण्डपम्पों की रिबोर, मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, सीएमओ डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार एवं जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।




# सड़क दुर्घटना में इनोवा सवार व्यक्ति की मौत कई लोग घायल

### इनोवा सवार सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने कानपुर से जा रहे थे मिजार्पुर

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के लोहदा मोड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। जानकारी के अनुसार बेचन राम उम्र लगभग 65 वर्ष पुत्र हरिराम निवासी पनकी कानपुर, परिजनों पत्नी इन्द्रकुमारी,बेटा अंकित ड्राइवर राकेश शर्मा के साथ इनोवा कार से मिजार्पुर किसी सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे राष्ट्रीय राजमार्ग लोहदा मोड़ के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने कार सवारों को टक्कर मार दिया जिससे लक्जरी वाहन में सवार सभी लोग घायल हो गए मौके पर रहे राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने एम्बुलेंस से घायलों को सिराथू स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां बेचनराम की मौत हो गयी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है घायल कार सवारों का परिजन उपचार करवा रहे हैं।

# जेल में निरुद्ध कैदी की हुई मौत,सूचना पर परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

### 2 महीने पहले शराब भट्टी संचालन के आरोप में भेजा गया था जेल


कैदी की मौत की जानकारी मिलने के बाद रोते बिलखते परिजन

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के धुमाई ग्राम सभा निवासी जिला जेल में निरुद्ध कैदी की उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गयी है जानकारी के अनुसार सैनी कोतवाली के धुमाई ग्राम सभा के मजरे खरका पर का शिव प्रसाद उम्र तकरीबन 55 वर्ष पुत्र गज्जू पर अवैध शराब निर्माण के कारण पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया था,खबर के मुताबिक 4 जनवरी को धुमाई ग्राम सभा मे हेमराज सिंह के दूध डेयरी मे पुलिस ने छापामार कर कई कुंतल लहन और शराब बरामद किया था जिसमें कुल 7 लोग जेल भेजे गए थे उनमें शिव प्रसाद पुत्र गज्जू भी जेल भेजा गया था जहां अस्वस्थ होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है मृतक के भतीजे सुरेंद्र ने बताया कि उसके पास गांव के प्रधान का फोन आया उनके द्वारा मालूम हुआ कि उसके चाचा गम्भीर बीमार है जिला अस्पताल पहुंचने पर इमरजेंसी के डॉक्टर ने बताया कि उनकी इलाज के दौरान मौत हो गयी है शव मोर्चरी भेज दिया गया । परिजनों का कहना है कि अब मौत कैसे हुई हम लोग नही जानते। मौत की जानकारी मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### आलू के समर्थन मूल्य में बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर सकिपा आज करेगी प्रदर्शन

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में मंगलवार समय 12 बजे जिला मुख्यालय मंझनपुर में प्रदर्शन किया जायेगा और मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से आलू का समर्थन मूल्य 650 रुपए प्रति कुंतल से बढ़ाकर 1000 रुपए प्रति कुंतल किए जाने की प्रदेश सरकार से मांग की जाएगी। इस संबंध में पार्टी नेता अजय सोनी ने जिले के आलू उत्पादक किसानो समेत पार्टी के तमाम कार्यकताओं को प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

### तीन वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** थाना चरवा पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त हरिचन्द्र पुत्र बड़ेलाल निवासी फरीदपुर सुलेम थाना चरवा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त रामू पासी पुत्र चन्द्रपाल निवासी भानीपुर थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त भगवानदीन पुत्र गयाधीन निवासी पत्नी का पुरवा थाना पिपरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# गोद लिए गांव का प्रत्येक महीने निरीक्षण कर अधिकारी उपलब्ध कराएं आख्या : सीडीओ


बैठक को संबोधित करते सीडीओ बगल में बैठे सीएमओ


पोषण समिति की बैठक में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

### मुख्य विकास अधिकारी ने की जिला पोषण समिति की बैठक

**कौशाम्बी** जिला पोषण समिति की बैठक जनपद मुख्यालय में सोमवार को संपन्न हुई कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी ने की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों के आधार सीडिंग के कार्य में तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को गोद लिए गये ऑगनबाड़ी केन्द्रों का प्रत्येक माह निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी सीडीपीओ को अधिक से अधिक कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराने के निर्देश दियें तथा सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को 31 मार्च तक ऑगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय पोषण समिति की बैठक नियमित रूप से कराने के भी निर्देश दियें।इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी सुष्पेंद्र कुमार,जिला विकास अधिकारी विजय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता एवं जिला पंचायत राज अधिकारी बालगोविन्द श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# खेलों से मनुष्य का होता है संपूर्ण विकास : प्राचार्य

### प्राचार्य महामाया राजकीय महाविद्यालय द्वारा वार्षिक कीड़ा समारोह के विजेताओं को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया

**अखंड भारत संदेश**



वार्षिक क्रीड़ा कार्यक्रम में विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य



वार्षिक क्रीड़ा कार्यक्रम में उपस्थित छात्र

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय ,कौशांबी में नौवें वार्षिक क्रीड़ा समारोह का उद्घाटन डॉ0 अरविंद कुमार प्राचार्य, महामाया राजकीय महाविद्यालय, कौशांबी द्वारा किया गया इसके उपरांत अतिथियों एवं प्राध्यापकों का वैच लगाकर स्वागत किया गया ,साथ ही प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण एवं मार्च पास्ट की सलामी ली गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 अरविंद कुमार ने कहा कि खेलों से मनुष्य का संपूर्ण विकास होता है। खेलों से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और हम हर कार्य सही ढंग से कर पाते है हमारी सोचने की क्षमता भी बढ़ जाती है। खेल हमारे सभी तनावों को मुक्त कर देता है और हमें चुस्त बनाता है। प्राचार्य महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशांबी द्वारा वार्षिक कीड़ा समारोह के निम्नलिखित विजेताओं को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। 100 मीटर दौड़( छात्रा ) मीला देवी ,प्रथम ,विभा पांडे , द्वितीय ,प्रीति कुमारी, तृतीय 100 मीटर दौड़ ( छात्र ) राहुल कुमार, प्रथम ,राजेश कुमार ,द्वितीय , मतेश कुमार, तृतीय 200 मीटर दौड़ (छात्रा) मीला देवी, प्रथम ,माही अग्रहरि द्वितीय ,लक्ष्मी पाल तृतीय 200 मीटर दौड़ (छात्र ) मतेश कुमार, प्रथम, राजेश कुमार द्वितीय, अमन सरोज ,तृतीय 400 मीटर दौड़( छात्र) राजेश कुमार ,प्रथम मतेश कुमार ,द्वितीय ,हिमांशु ,तृतीय 400 मीटर दौड़ (छात्रा ) मीला देवी, प्रथम , विभा पांडे ,द्वितीय, पूनम साहू, तृतीय लंबी कूद ( छात्र ) अमरेश कुमार, प्रथम ,धर्मेश कुमार ,द्वितीय ,अमन सरोज, तृतीय लंबी कूद (छात्रा) मीला देवी, प्रथम, विभा पांडे द्वितीय ,कविता तृतीय ,ऊंची कूद (छात्र ) राजेश कुमार, प्रथम गौरव मिश्रा ,द्वितीय अमन सिंह तृतीय, ऊंची कूद (छात्रा ) मीला देवी प्रथम , कविता ,द्वितीय माही अग्रहरि, तृतीय गोला फेंक (छात्र) हिमांशु ,प्रथम, सर्वजीत मौर्य ,द्वितीय, विकास कुमार, तृतीय ,गोला फेंक( छात्रा) करीना राही, प्रथम ,लक्ष्मी पाल, द्वितीय ,जया त्रिपाठी ,तृतीय ,भाला फेंक (छात्रा) पूनम साहू ,प्रथम , श्रेया सरोज ,द्वितीय, खुशवू देवी , तृतीय ,भाला फेंक( छात्र ) विकास कुमार ,प्रथम ,राजेश कुमार ,द्वितीय ,हिमांशु तृतीय चक्का फेंक( छात्र) हिमांशु, प्रथम, विकास कुमार ,द्वितीय ,अमन सरोज ,तृतीय , चक्का फेंक( छात्रा ) करीना राही ,प्रथम ,श्रेया सरोज ,द्वितीय ,पूनम साहू, तृतीय स्थान प्राप्त किया वार्षिक क्रीड़ा समारोह सत्र 2022–23 छात्र चैंपियन राजेश कुमार एवं छात्रा चैंपियन मीला देवी रही इस वार्षिक कीड़ा समारोह कार्यक्रम का संचालन डॉ अजय कुमार द्वारा किया गया ।इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ0 अजय कुमार ,डॉ0 नीलम बाजपेई ,डॉ0 रीता दयाल, डॉ0 तरित अग्रवाल ,डॉ0 पवन कुमार,डॉ0 रमेश चंद्र, डॉ0 अमित शुक्ल ,डॉ0 संतोष कुमार डॉ0 शैलेश मालवीय ,समरजीत राकेश कार्यालय अधीक्षक दिलीप कुमार कनिष्ठ सहायक अजय कुमार वरिष्ठ सहायक मानवेंद्र सिंह साहनी आदि उपस्थित रहे ।क्रीडा प्रभारी डॉ0 अनिल कुमार द्वारा मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य एवं अन्य सभी का आभार ज्ञापन किया गया।

### शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 25 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरूद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त प्रेमचन्द्र सरोज पुत्र दयाराम सरोज निवासी कनवार थाना सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना संदीपनघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त श्यामू पुत्र ज्ञानचंद्र निवासी गौसपुर थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

## न्यूज झरोखा

### विधायक राजू पाल हत्याकांड के आरोपी शूटर अब्दुल कवि का पुलिस ने जारी किया पोस्टर




**कौशांबी।** प्रयागराज शहर के बहुचर्चित विधायक राजू पाल हत्याकांड के आरोपी और अतीक गैंग के शूटर अब्दुल कवि का पुलिस ने पोस्टर जारी किया है 50 हजार के इनामी शूटर अब्दुल कवि की तलाश पुलिस ने सरगर्मी से शुरू कर दी है 18 वर्षों पूर्व प्रयागराज शहर में दिनदहाड़े विधायक राजू पाल पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर मौत के घाट उतार दिया गया था इस बहुचर्चित हत्याकांड में सराय अकील थाना के भखन्दा गांव के रहने वाले अब्दुल कवि नामजद अभियुक्त हैं अब्दुल कवि की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है इन पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित है पुलिस ने इनका पोस्टर चस्पा कर गिरफ्तारी का प्रयास किया है

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा दो वांछित अभियुक्तों छोटू पुत्र मूलचन्द्र निवासी पानी की टंकी नई बाजार भरवारी थाना कोखराज व अजय पुत्र हिन्देलाल निवासी सईगंज थाना कोखराज को 01 अदद चोरी की मोटरसाइकिल ( वढ73 इ6371 हिरो होण्डा पैसन) के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते चार अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस द्वारा चार अभियुक्तों बबलू पासी पुत्र सोहन लालन निवासी तियरा थाना पिपरी मनोज यादव पुत्र स्वङ्ग छोटे लाल निवासी मखऊपुर थाना पिपरी रामफल उर्फ घसीटे चौहान पुत्र स्व0 लल्लन सिंह निवासी टिकरा बरेठी थाना पिपरी व मनोज कुमार सरोज पुत्र हजारी लाल निवासी तियरा थाना पिपरी को सार्वजनिक स्थान पर हार–जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 1000 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 740 रुपए बरामद कर कार्यवाही की गई।

### तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस बल द्वारा रात्रिगस्त वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त कमलेश कुमार कुशवाहा पुत्र स्व रामजी कुशवाहा निवासी नयापुरवा थाना करैली जनपद प्रयागराज को सुदिन का पुरवा नहर पुलिया के पास से एक अदद तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पक्षात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।



# जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा

### राजस्व वसूली में लापरवाही बरतने पर एआरटीओ एवं ईओ सिराथू से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में उदयन सभागार में कर–करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई बैठक में जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर, खनन, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत एव नगर निकायों से सम्बन्धित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति एवं सम्बन्धित अधिकारियों को और अधिक प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने विभागवार आर0सी0 वसूली की प्रगति की विस्तृत समीक्षा के दौरान सभी सम्बन्धित अधिकारियों को तहसीलदार से समन्वय करते हुए विशेष प्रयास कर आर0सी0 वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने राजस्व वसूली में लापरवाही बरतने पर ए0आर0टी0ओ0 एवं ई0ओ0 सिराथू से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दियें इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### कलश यात्रा से श्री मद भागवत कथा और गायत्री महायज्ञ हुआ शुरू

**कौशाम्बी** जिला के चायल तहसील क्षेत्र के काजू गांव में श्री राम शर्मा गायत्री परिवार ट्रस्ट के तत्वाधान में कलश का पूजन कर बाजा के साथ पूरे गांव में भ्रमण करते हुए श्री राम शर्मा जी के विचारो को घर घर कलस के माध्यम से पहुंचाने के अभियान में संजोजक प्रमोद केशरवानी सपत्नी द्वारा पूजन किया गया और मुख्य वक्ता डॉ राम नारायण त्रिपाठी गायत्री शक्ति पीठ चित्रकूट धाम जी के द्वारा कथा का प्रथम दिन शुरू किया गया कथावाचक ने कहा कि कलश यात्रा में तीनों देव ब्रम्हा, विष्णु व महेश के साथ–साथ 33 कोटि देवी देवता स्वयं कलश में विराजमान होते हैं। वहीं कलश को धारण करने वाले जहां से भी ग्राम का भ्रमण करता है वहीं की धरा स्वयं सिद्व होती जाती है। जो अपने सिर पर कलश धारण करता है उसकी आत्मा को ईश्वर पवित्र और निर्मल करते हुए अपनी शरण में ले लेते हैं। कौशाम्बी जिले के ग्राम काजू में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण के प्रथम दिवस कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश लिए चल रहीं थीं। इसके बाद कथा बैठकी हुई। कथाचार्य डॉ राम नारायण त्रिपाठी ने कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य के जन्म–जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं। जो भी भक्त भागवत कथा का वाचन करता है उसकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि सिर पर कलश रखने वाले श्रद्धालुओं की आत्मा पवित्र व निर्मल होती है।ऐसे भक्तों पर भगवान की विशेष कृपा होती है कथावाचक आचार्य ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कलश यात्रा में में तीनों देव ब्रम्हा, विष्णु व महेश के साथ–साथ 33 कोटि देवी देवता स्वयं कलश में विराजमान होते हैं। और मनुष्य का कल्याण करते हैं वहीं कलश को धारण करने वाले काजू ग्राम का भ्रमण करता है वहीं की धरा स्वयं सिद्व होती जाती है। जो अपने सिर पर कलश धारण करता है उसकी आत्मा को ईश्वर पवित्र और निर्मल करते हुए अपनी शरण में ले लेते हैं। जिनके तमाम रोग दोष विकारों का भगवान हरण कर देते है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# किसानो को एक हजार रु प्रति कुंतल आलू का दाम दे सरकार : अजय सोनी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी नेता अजय सोनी ने प्रदेश सरकार द्वारा आलू के 650 रुपए प्रति कुंतल निर्धारित किए गए दाम को काफी कम बताते हुए प्रदेश सरकार से 1000 रुपए प्रति कुंतल आलू का दाम निर्धारित करने की मांग की है। एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अजय सोनी ने प्रदेश सरकार द्वारा किसानो से आलू क्रय करने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि समर्थ किसान पार्टी ने किसानो से प्रदेश सरकार द्वारा आलू क्रय करने की पहले से ही मांग उठाई थी जिसपर प्रदेश सरकार ने सकारात्मक कदम उठाया है, जिसका हम स्वागत करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार को आलू उत्पादक किसानो की लागत और श्रम को ध्यान देते हुए प्रति कुंतल आलू का 1000 रुपए दाम निर्धारित करना चाहिए, ऐसी समर्थ किसान पार्टी की ओर से प्रदेश सरकार से हमारी मांग है। अजय सोनी के मुताबिक इस साल आलू उत्पादक किसानो को दोहरी मार पड़ी है। आलू की बुआई के समय पहले भारी बारिश हो गई और आलू के खेत पानी से भर गए। फिर खेत सूखने के बाद काफी देर से आलू की दुबारा बुआई हो पाई जिसके चलते किसानो को रबी की फसल बोने का मौका नहीं मिल पाया और सिर्फ आलू की ही पिछड़ बुआई हो सकी। इधर आलू के दाम भी काफी कम हो गए जिसके चलते किसानो को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि पूर्व वर्षों में किसान आलू की खेती करने के बाद उसी खेत में गेंहू की भी बुवाई कर लेते थे जो इस साल संभव नहीं हुई। अजय सोनी ने प्रदेश सरकार से आलू उत्पादक किसानों के हुए दोहरे नुकसान की भरपाई के लिए किसानो को प्रति कुंतल आलू के दाम 1000 रुपए कुंतल देने की मांग करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा प्रति कुंतल 650 रुपए तय करने को अपर्याप्त बताया है और कहा है कि इतने में तो किसानो के नुकसान की भरपाई भी न हो पाएगी और न ही उनके श्रम और कृषि लागत का लाभांश प्राप्त होगा। अजय सोनी ने प्रदेश सरकार से सवाल करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 650 रू प्रति कुंतल आलू के दाम किसानो को देने से किसानो की आय कैसे दुगुनी हो पाएगी।

संपादकीय

# अमृत-काल नारी जीवन का अमृत पृष्ठ बने

**परिवार,** समाज, देश एवं दुनिया के विकास में जितना योगदान पुरुषों का है, उतना ही महिलाओं का। हालांकि महिलाओं को पुरुषों के समान उतने अधिक सम्मान, अवसर एवं स्वतंत्रता नहीं मिलती। लेकिन नया भारत-सशक्त भारत के निर्माण की प्रक्रिया में महिलाएं घर परिवार की चार दीवारों को पार करके राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दे रही हैं। खेल जगत से लेकर मनोरंजन जगत तक और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा तक में महिलाएं बड़ी भूमिका में हैं। महिलाओं की भागीदारी को हर क्षेत्र में बढ़ावा देने और महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। बात भारतीय या अभारतीय नारी की नहीं, बल्कि उसके प्रति दृष्टिकोण की है। आवश्यकता इस दृष्टिकोण को बदलने की है, जरूरत सम्पूर्ण विश्व में नारी के प्रति उपेक्षा एवं प्रताड़ना को समाप्त करने की है। इस दिवस की सार्थकता तभी है जब महिलाओं कां विकास में सहभागी ही न बनाये बल्कि उनके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने की वीभत्सताओं एवं त्रासदियों पर विराम लगे, ऐसा वातावरण बनाये। महिला दिवस पर महिलाओं से जुड़े मामलों जैसे महिलाओं की स्थिति, कन्या भ्रूण हत्या की बढ़ती घटनाएं, लड़कियों की तुलना में लड़कों की बढ़ती संख्या, गांवों में महिला की अशिक्षा एवं शोषण, महिलाओं की सुरक्षा, महिलाओं के साथ होने वाली बलात्कार की घटनाएं, अश्लील हरकतें और विशेष रूप से उनके खिलाफ होने वाले अपराध को एक बार फिर चर्चा में लाकर सार्थक वातावरण का निर्माण किया जाये। महिला दिवस जैसे आयोजनों, तमाम सरकारी प्रयत्नों एवं सामाजिक जन-चेतना के एक टीस से मन में उठती है कि आखिर नारी कब तक भोग की वस्तु बनी रहेगी? उसका जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा? बलात्कार, छेड़खानी, भ्रूण हत्या और दहेज की धधकती आग में वह कब तक भस्म होती रहेगी? कब तक उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौचा जाता रहेगा? विडम्बनापूर्ण तो यह है कि महिला दिवस जैसे आयोजन भी नारी को उचित सम्मान एवं गौरव दिलाने की बजाय उनका दुरुपयोग करने के माध्यम बनते जा रहे हैं। नारी जीवन में प्रतिबिम्बित असीम करुणा और मर्मान्तक पीड़ा को भावप्रवण अभिव्यक्ति देना मेरा काम नहीं है।

# संग समय के जो चले, पहुंचे अपने गाँव

-प्रियंका सौरभ

**जब** हम समय बर्बाद करते हैं, तो हम अवसरों से भी चूक जाते हैं। समय किसी का इंतजार नहीं करता और एक बार चला गया तो हमेशा के लिए चला गया। एक और तरीका है जिससे हम समय बर्बाद करते हैं वह है सोशल मीडिया पर घंटों बिताना या टीवी देखना। जबकि ये गतिविधियाँ सुखद और मनोरंजक हो सकती हैं, वे हमारे जीवन में कोई वास्तविक मूल्य नहीं लाती हैं। इसके बजाय, वे हमें और अधिक महत्वपूर्ण चीजों से विचलित करते हैं जैसे प्रियजनों के साथ समय बिताना, हमारे लक्ष्यों का पीछा करना, या नए कौशल सीखना। समय हमारे पास सबसे मूल्यवान संसाधन है, और एक बार चले जाने के बाद हम इसे कभी वापस नहीं पा सकते हैं। दुर्भाग्य से, हम में से बहुत से लोग इसे हल्के में लेते हैं और इसे व्यर्थ की गतिविधियों में बर्बाद कर देते हैं। जब हम समय को मारते हैं, तो असल में हम अपने जीवन के एक हिस्से को मार रहे होते हैं। कवि डॉ सत्यवान सौरभ कहते है कि-

**पल कोई ठहरा नहीं, यही समय दस्तूर ।**
**हो जायेंगे एक दिन, हम भी सब से दूर ।।**

समय एक सीमित संसाधन है, और हम सभी के पास हर दिन इसकी समान मात्रा होती है। जिस तरह से हम इसका उपयोग करते हैं वह हमारी सफलता, खुशी और जीवन के साथ समग्र संतुष्टि को निर्धारित करता है। समय कीमती है और हमें इसका सदुपयोग करना चाहिए। दुर्भाग्य से, हममें से बहुत से लोग ऐसी गतिविधियों पर समय बर्बाद करते हैं जो हमारे जीवन में कोई मूल्य नहीं लाती हैं। हमारी तेज-तर्रार दुनिया में, चूहे की दौड़ में फंस जाना और जो वास्तव में महत्वपूर्ण है उसे भूल जाना आसान है। हम अक्सर खुद को यह इच्छा करते हुए पाते हैं कि हमारे पास उन चीजों को करने के लिए अधिक समय है जो हम प्यार करते हैं, या समय सीमा और नियुक्तियों पर जोर देते हैं। लेकिन क्या होगा अगर हम एक कदम पीछे हटें और समय के मूल्य को देखें? जरूर, हम सभी सहमत हो सकते हैं कि समय पैसा है। लेकिन असल में उसका क्या अर्थ है? जब हम इसे तोड़ते हैं, तो समय वास्तव में हमारे पास मौजूद सबसे मूल्यवान वस्तुओं में से एक है। यह एक सीमित संसाधन है जिसे एक बार जाने के बाद हम कभी वापस नहीं पा सकते हैं। इसलिए हर पल का सदुपयोग करना इतना महत्वपूर्ण है। हर दिन अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने और प्रियजनों के साथ स्थायी यादें बनाने का एक नया अवसर है। समय बर्बाद करने के सबसे आम तरीकों में से एक है टालमटोल करना। ये बबार्दी किसी काम को करने में देरी या स्थगित करने की क्रिया है। हम अक्सर महत्वपूर्ण कार्यों को अंतिम समय तक टाल देते हैं, जिसके परिणामस्वरूप तनाव और चिंता होती है। व्यर्थ जाया न केवल समय बर्बाद करता है, बल्कि यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य और उत्पादकता को भी प्रभावित करता है। एक और तरीका है जिससे हम समय बर्बाद करते हैं वह है सोशल मीडिया पर घंटों बिताना या टीवी देखना। जबकि ये गतिविधियाँ सुखद और मनोरंजक हो सकती हैं, वे हमारे जीवन में कोई वास्तविक मूल्य नहीं लाती हैं।

# इन्फ्लूएंजा के विषाणु को गंभीरता से लेने की जरूरत

-ललित गर्ग-

**कोविड** वायरस की तरह ही है इन्फ्लूएंजा का विषाणु इनदिनों देश में अपना खतरनाक प्रभाव दिखाने लगा है, जिससे दो लोगों की एक हरियाणा एवं एक कर्नाटक में मौत हुई है। इस नये वायरस से खांसी, बुखार, गले में जलन की तकलीफें बढ़ रही है। इनदिनों गला खराब होने की शिकायत आम है जो पीड़ित को लम्बे समय तक परेशान कर रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में एच3एन2 वायरस के लगभग 90 मामले सामने आए हैं। एच1एन1 वायरस के आठ मामलों का भी पता चला है। विशेषज्ञों के अनुसार वायरस अत्यधिक संक्रामक है और संक्रमित व्यक्ति के खांसने, छींकने और निकट संपर्क से फैलता है। डॉक्टरों ने नियमित रूप से हाथ धोने और मास्क लगाने समेत कोविड जैसी सावधानियों की सलाह दी है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च छींकने और खांसने के दौरान मुंह और नाक को ढंकने, बहुत सारे तरल पदार्थ, आंखों और नाक को छूने से बचने और बुखार और शरीर में दर्द के लिए पेरासिटामोल के सेवन का आग्रह किया है। नये वायरस को लेकर बरती जा रही लापरवाही नुकसान का कारण बन सकती है। इसलिए भी लोगों को अपने स्वास्थ्य को लेकर लगातार सावधानी बरतने की अपेक्षा है। बाहर निकलते समय ऐसे तमाम उपाय अपनाने चाहिए जिनसे वातावरण में पनप रहे विषाणुओं को शरीर में प्रवेश करने से रोका जा सके। पर ऐसी स्थितियों में सरकारी स्वास्थ्य तैयारियां भी पहले से रहनी चाहिए, ताकि लोगों में अफरातफरी जैसी स्थिति न बनने पाए। आम जनता भी अपनी जीवनशैली को सात्विक एवं संयममय बनाये, ताकि नये वायरस का प्रभाव कम से कम हो। पिछले कुछ महीनों से अधिकांश लोग खांसी के शिकार होते हुए देखे गये हैं। देश में फ्लू के मामले भी बढ़ रहे हैं। अधिकांश संक्रमण एच3एन2 वायरस के कारण होते हैं, जिसे ह्यहांगकांग फ्लूह्न के रूप में भी जाना जाता है। यह वायरस देश में अन्य इन्फ्लुएंजा उपप्रकारों की तुलना में अधिक खतरनाक है जो अस्पताल में भर्ती होने का कारण बनता है। भारत में अब तक केवल एच3एन2 और एच1एन1 संक्रमण का पता चला है।





दोनों वायरस में कोविड जैसे लक्षण हैं। जैसाकि सर्वविदित है कि कोविड ने दुनिया भर में लाखों लोगों को संक्रमित किया और 68 लाख लोगों की मौत हुई। महामारी के दो साल बाद बढ़ते फ्लू के मामलों ने लोगों में चिंता पैदा कर दी है। लक्षणों में लगातार खांसी, बुखार, ठंड लगना, सांस फूलना और घरघराहट शामिल हैं। मरीजों ने मतली, गले में खराश, शरीर में दर्द और दस्त की भी सूचना दी है। ये लक्षण लगभग एक सप्ताह तक बने रह सकते हैं।

भारत की संस्कृति एवं जीवनशैली ने पूर्व कोरोना कहर को परास्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्योंकि योग, अहिंसा, शाकाहार, संयम आदि जीवन के आधारभूत जीवनमूल्य इसी देश की माटी में रचे-बसे हैं। विशेषतः भारत में जैनधर्म एवं उसका जीवन-दर्शन कोरोना संकट के दौर में समाधान के रूप में सामने आया है, जैनमुनि मुंह पर पट्टी (मुंहपत्ती) बांधते हैं, जिसे मॉस्क के रूप में समूची दुनिया ने अंगीकार किया था। सामाजिक दूरी (सोशल डिस्टेंसिंग), आइसोलेशन, व क्वारंटीन (एकांत) जैन मुनि एवं साधक के जीवन के अभिन्न अंग दुनिया के लिये कोरोना मुक्ति के सशक्त आधार बने थे। शाकाहार एवं मद्यपान का निषेध भी जैन जीवनशैली का आधार है, जिनका बढ़ता प्रचलन कोरोना महासंकट से मुक्ति का बुनियादी सच बना था। लगता है कोरोना जाते-जाते दुनिया में शाकाहार का सशक्त वातावरण बना कर गया, लेकिन नये एच3एन2 और एच1एन1 के संक्रमण भी ऐसे भारतीय प्रयोगों एवं उपक्रमों को बडे. पैमाने पर अपनाने की अपेक्षा को जाहिर कर रहे हैं। कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों के अलावा बड़े वयस्कों और छोटे बच्चों जैसे उच्च जोखिम वाले समूहों के लिए संक्रमण गंभीर हो सकता है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने हाल ही में डॉक्टरों से आग्रह किया है कि संक्रमण जीवाणु है या नहीं, इसकी पुष्टि करने से पहले मरीजों को एंटीबायोटिक्स न दें, क्योंकि वे एक प्रतिरोध विकसित कर सकते हैं। एक बार फिर नए विषाणु का संक्रमण तेजी से फैलना शुरू हो गया है। इन्फ्लूएंजा का यह विषाणु भी कोविड विषाणु की तरह ही लोगों को प्रभावित कर रहा है, हालांकि इससे उस तरह भयभीत होने की जरूरत नहीं है, मगर इसका लंबे समय तक लोगों पर असर बना रह रहा है। इस विषाणु के पैदा होने की एक खाज वजह मौसम के अचानक सर्द से गर्म होने को बताया जा रहा है। अब यह विषाणु इतनी तेजी से संक्रमण फैला रहा है कि अस्पतालों में भीड़भाड़ देखी जाने लगी है, कई अस्पतालों ने इसके लिए अलग से वार्ड बना दिया है।

> इस तरह ज्यादातर लोगों में प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो चुकी है। मगर जब भी कोई विषाणु अपने पांव पसारता है, तो स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने की अपेक्षा सदा बनी रहती है, क्योंकि विषाणु न सिर्फ तेजी से संक्रमण फैलाते, बल्कि अपने रूप भी बदलते रहते हैं, जन हानि का कारण भी बनते हैं

इसी विषाणु के प्रभाव में कोरोना के मामले भी बढ़े हुए दर्ज हो रहे हैं। स्वाभाविक ही स्वास्थ्य विभाग लोगों से सावधान रहने और बचाव के उपाय आजमाने की अपील कर रहा है। मगर इसमें राहत की बात यह है कि भारत की अधिकतर आबादी को कोरोना के टीके लगाए जा चुके हैं, बहुत सारे लोग एहतियाती खुराक भी ले चुके हैं, इस तरह ज्यादातर लोगों में प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो चुकी है। मगर जब भी कोई विषाणु अपने पांव पसारता है, तो स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने की अपेक्षा सदा बनी रहती है, क्योंकि विषाणु न सिर्फ तेजी से संक्रमण फैलाते, बल्कि अपने रूप भी बदलते रहते हैं, जन हानि का कारण भी बनते हैं। कोरोना के समय भी यही हुआ, जब विषाणु ने दूसरे दौर में अपना रूप बदल कर खुद को इतना ताकतवर बना लिया था कि बहुत सारे लोगों को उसका प्रकोप झेलना मुश्किल हो गया था। इसलिए इन्फ्लुएंजा के विषाणु का प्रभाव बेशक सामान्य मौसमी खांसी, जुकाम, बुखार जैसा लग रहा हो, पर उसे नजरअंदाज करना एक महासंकट को आमंत्रित कर सकता है। विषाणुओं के प्रभाव से बचने का सबसे बेहतर उपाय साफ-सफाई रखना, भीड़भाड़ से बचना, हाथ धोते रहना, मास्क पहनना बताया जाता है।

आमतौर पर देखा जाता है कि कोई भी नया विषाणु इसलिए अधिक ताकतवर होकर फैलता है कि लोग उससे बचाव के उचित उपाय नहीं आजमाते, लापरवाही बरतते हैं। भारत जैसे देश में, जहां आबादी का दबाव अधिक है और प्रायः बड़ी आबादी साफ-सफाई को लेकर सतर्क नहीं देखी जाती, विषाणुओं के संक्रमण का खतरा अधिक बना रहता है। इसलिए इससे बचाव को लेकर सतर्कता ही पहला और प्रभावी उपाय है। वायरस से होने वाली खांसी के बढ़ने का बड़ा कारण चीकनी चीजों एवं मांसाहार-मद्यपान का अधिक मात्रा में प्रयोग करना भी है। विश्वभर के डॉक्टरों ने कोरोना के दौर में शाकाहारी भोजन को ही उत्तम स्वास्थ्य के लिए सर्वश्रेष्ठ माना है। फल-फूल, सब्जी, विभिन्न प्रकार की दालें, बीज एवं दूध से बने पदार्थों आदि से मिलकर बना हुआ संतुलित आहार भोजन में कोई भी जहरीले तत्व नहीं पैदा करता एवं नये आक्रमण कर रहे वायरस से लड़ने में सक्षम बना सकता है। इन्फ्लूएंजा के विषाणु एवं वायरस से वे लोग अधिक भयग्रस्त हो सकते हैं, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। हमारा शरीर गलत खानपान एवं जीवनशैली से उत्पन्न जहरीले तत्वों को शरीर से पूर्णतया निकालने में सामर्थ्यवान नहीं हैं।

नतीजा यह होता है कि उच्च रक्तचाप, दिल व गुरदे आदि की बीमारी मांसाहारियों को जल्दी आक्रांत करती है। इसलिए एच3एन2 और एच1एन1 के संक्रमण पर नियंत्रण पाने के लिये यह नितांत आवश्यक है कि स्वास्थ्य की दृष्टि से हम पूर्णतया शाकाहारी एवं संयमित रहें।

# सावधान !- भारत में एच3 एन2 मौसमी फ्लू की लहर

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर वर्ष 2020 से मानवीय जीवन पर महामारी का घातक प्रहार हुआ जिसने लाखों जीवन लील लिए और जब मानव ने रिसर्च कर उसकी काट वैक्सीन के रूप में इजाद कर उसपर नियंत्रण करना शुरू करीब-करीब कर भी दिया है। परंतु लगता है यह महामारी बहरूपिए की तरह रूप बदल बदल कर भिन्न-भिन्न वायरस इनफ्लुएंजा इत्यादि के रूप में प्रहार कर रही है जो अभी तक हमने भिन्न भिन्न कोरोना वायरस देखें थे परंतु मानवीय जीव में इस वायरस रूपी काल का डर इतनी तेजी से समाया है कि अब वायरस का नाम सुनकर ही रूह कांपने लगती है। अभी इसका डर गया नहीं कि कुछ दिनों से एच3 एन2 मौसमी फ्लू इनफ्लुएंजा वायरस की लहर छाई है, जिसका प्रकोप बढ़ते जा रहा है और दिनांक 10 मार्च 2023 को पहली मृत्यु कर्नाटका में हुई और देखते ही देखते हरियाणा सहित मृत्यु का आंकड़ा दो हुआ जिससे आनन-फानन में केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की बैठकों का दौर शुरू होकर राज्यों को एडवाइजरी अलर्ट जारी कर दिया गया है।इसलिए आज हम पीआईबी और मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,सुनिएजी मौसमी एच3 एन2 इनफ्लुएंजा वायरस के अलर्ट पर सतर्क रहिएगा। साथियों बात अगर हम इस मौसमी इन्फ्लूएंजा की करें तो, यह एक तीव्र श्वसन संक्रमण रोग है, जो इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण होता है। यह विश्व के सभी हिस्सों में फैलता है और वैश्विक स्तरपर कुछ महीनों के दौरान इसके मामले बढ़ते हुए देखे गए हैं। भारत में हर साल मौसमी इन्फ्लूएंजा के मामले दो बार सबसे अधिक दर्ज होते हैं। पहला, जनवरी से मार्च तक और दूसरा, मॉनसून के बाद के मौसम में। मार्च के अंत से मौसमी इन्फ्लूएंजा के मामलों में कमी आने की उम्मीद है। इसे देखते हुए राज्य निगरानी अधिकारी इस सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय रियल टाइम के आधार पर एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम नेटवर्क के माध्यम से विभिन्न राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में मौसमी इन्फ्लुएंजा की स्थिति पर गहरी नजर रख रहा है। इसके अलावा मंत्रालय मौसमी इन्फ्लुएंजा के एच3एन2 सबटाइप के कारण रुग्णता और मृत्यु दर की निगरानी करने के साथ उन पर कड़ी नजर रख रहा है। मौसमी इन्फ्लूएंजा के संबंध में सह-रुग्णता वाले युवा बच्चे और वृद्धजन सबसे अधिक प्रभावित होने वाले संभावित समूह हैं। अब तक कर्नाटक और हरियाणा ने एच3एन2 इन्फ्लूएंजा से एक-एक मृत्यु की पुष्टि की है। साथियों बात अगर हम इस वायरस की स्थिति संक्रमण और बचाव की करें तो यह इन्फ्यूएंजा का संक्रमण देश में पहले भी फैल चुका है,इस बार भी यह वायरस देश की कई भागों में फैल चुका है। दिल्ली एनसीआर में भी इसका प्रकोप देखा जा रहा है. देश में एच3 एन2 के 90 मामले और एच1 एन1 वायरस के आठ मामले पाए गए हैंएच3 एन2 वायरस अत्यधिक संक्रामक वायरस है, जो एक दूसरे के संपर्क में आने से तेजी से फैलता है। यह संक्रमित व्यक्ति के मुंह या नाक से निकलने वाले ड्रापलेट्स के माध्यम से फैलता है. साथ ही संक्रमित स्थान और सतह को छूने के बाद उसी हाथ से अपने मुंह या नाक को छूने से यह हमको संक्रमित कर सकता है। इसका प्रभाव बच्चों और बुजुर्गों में तेजी से हो सकता है। रोग के नियंत्रण और रोकथाम के लिए सेंटर के अनुसार, पिग एरिया में भोजन या पेय पदार्थ लेने से बचे। सूअरों के संपर्क में आने से पहले और बाद में अपने हाथों को अक्सर साबुन और बहते पानी से धोएं। यदि साबुन और पानी उपलब्ध नहीं है, तो अल्कोहल आधारित हैंड रब का उपयोग करें अपने शरीर को हाइड्रेटेड रखें जिससे संक्रमण से लड़ने की ताकत मिलती है। विटामिन सी से भरपूर चीजें खाएं, साथ ही नमक के पानी से गरारे करने से श्वसन संक्रमण को भी रोका जा सकता है। बुखार आने पर आराम करें और डॉक्टर से संपर्क करें।

साथियों बात अगर हम स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा कहीं गई 10 बातों की करें तो, मौसमी इन्फ्लूएंजा एक तेज सांस संबंधी संक्रमण है जो इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण होता है जो दुनिया के सभी हिस्सों को प्रभावित कर रहा है, मौसमी इन्फ्लूएंजा से प्रभावित लोगों की बात करें तो इसमें बीमार बच्चे और बूढ़े लोग सबसे ज्यादा निशाने पर हैं,भारत में इन्फ्लुएंजा ए (एच1एन1पीडीएम09) इन्फ्लुएंजा ए (एच3एन2) और इन्फ्लुएंजा बी (विक्टोरिया) का पता चला है, इस वर्ष की शुरूआत से ही इन्फ्लूएंजा को लेकर परीक्षण करने वाले नमूनों में एच3 एन2 इन्फ्लुएंजा सर्वाधिक पाया गया है। अन्य इन्फ्लूएंजा सब-टाइप की तुलना में एच3एन2 के कारण मरीजों को अधिक अस्पताल में भर्ती कराया है ओसेल्टामिविर डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुशंसित दवाहै। गंभीर तीव्र श्वसन इन्फ्लुएंजा रोगियों में से 10 फीसदी जिन्हें एच3 एन2 है उन्हें ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है और 7 फीसदी को आईसीयू देखभाल की आवश्यकता होती है।बता दें कि, विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक, सितंबर और जनवरी के बीच, पश्चिम ने इन्फ्लूएंजा ए (एच1एन1) पीडीएम09, ए (एच3 एन2) और बी वायरस का अनुभव कई देशों में किया. हालांकि, इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने दर्दनाक खांसी से पीड़ित लोगों या रोगियों को बिना डॉक्टर की सलाह दवा खाने के लिए मना किया है। डॉक्टर लोगों को एंटीबायोटिक्स लेने से बचने की सलाह देते हैं, जो अक्सर अप्रभावी होते हैं।

साथियों बात अगर हम इस वायरस की करें तो, भारत में अब तक केवल एच3 एन2 और एच1 एन1 संक्रमण का पता चला है। इस दोनों ही संक्रमण में कोविड-19 जैसे लक्षण हैं, जिसने दुनिया भर में लाखों लोगों को संक्रमित किया और 6.8 मिलियन लोगों की मौत हुई। कोरोना महामारी के 2 साल बाद बढ़ते फ्लू के मामलों ने लोगों में इस संक्रमण को लेकर चिंता बढ़ा दी है। इससे संक्रमित मरीजों में लगातार खांसी, बुखार,ठंड लगना सांस फूलना और घरघराहट जैसे प्रमुख लक्षण दिखाई देते हैं। इसके अलावा मरीजों ने मतली, गले में खराश, शरीर में दर्द और दस्त की भी सूचना दी है। ये लक्षण लगभग 7 दिन तक बने रह सकते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट का भी कहना है कि यहवायरस अत्यधिक संक्रामक है और संक्रमित व्यक्ति के खांसने, छींकने और निकट संपर्क से फैलता है। चिकित्सा संघ ने भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचने, अच्छे हाथ और श्वसन स्वच्छता प्रथाओं के साथ-साथ फ्लू के टीकाकरण की सलाह दी है।

# सुख-सुविधा का पागलपन रौंद रहा मनुष्यता

डॉ सत्यवान सौरभ

**नैतिक** मूल्य एक व्यक्ति के भीतर स्थायी विश्वास और विचार हैं और अच्छे या बुरे के लिए प्राथमिकता को दशार्ते हैं। आधुनिक समय में कई समाजों ने मानव जीवन के प्राथमिक लक्ष्य के रूप में भौतिक संपदा, शक्ति और स्थिति के संचय पर तेजी से ध्यान केंद्रित किया है। इसने एक अच्छे जीवन की एक संकीर्ण परिभाषा को जन्म दिया है, जहाँ सफलता को दूसरों की कीमत पर अक्सर भौतिक संपत्ति जमा करने की क्षमता से मापा जाता है। अच्छे जीवन की एक संकीर्ण धारणा, नैतिक मूल्यों के संकट की ओर ले जा रही है। जैसे भ्रष्टाचार का मुद्दा अच्छे जीवन की संकीर्ण धारणा से पारदर्शिता, सत्यनिष्ठा, सामाजिक उत्तरदायित्व और ईमानदारी जैसे मूल्यों का ह्रास होता है। इससे जनहित के स्थान पर निजी स्वार्थों को बढ़ावा मिला है। जलवायु परिवर्तन वर्षों से कभी न खत्म होने वाली मानव मांगों की पूर्ति ने ग्रह के संसाधनों पर जबरदस्त दबाव डाला है। ग्रह एक अभूतपूर्व दर से गर्म हो रहा है, ग्लेशियर पिघल रहे हैं, और वन्य जीवन गायब हो रहा है। ये सभी आपदाएं अति-भौतिकवाद की आसक्ति से उत्पन्न हुई हैं। उदाहरण के लिए, जोशीमठ में संकट पारिस्थितिकी या पारिस्थितिकी तंत्र पर अर्थशास्त्र को चुनने का परिणाम है। अक्सर यह कहा जाता है कि "असीमित शक्ति उन लोगों के दिमाग को भ्रष्ट करने के लिए उपयुक्त होती है जिनके पास यह होता है"। एक हालिया उदाहरण एक सिविल सेवक का है, जिसने खेल स्टेडियम को कुत्तों के टहलाने के लिए खाली करा दिया और वहाँ से एथलीटों को जाने के लिए कहा गया। आज किसी से यह पूछा जाए कि आपका लक्ष्य क्या है तो वह यही कहता है कि पैसा। उसको पाने के लिए कुछ भी कर गुजरने की ललक उनमें है। चाहे वह गलत रास्ते अपनाकर ही क्यों न पूरी करनी पड़े। न जाने कितने ही ऐसे उदाहरण देखने को मिल जाएंगे जो यह दशार्ते हैं कि युवा वर्ग खुद में नैतिक मूल्यों को कितना गिरा चुके हैं। दुख तो इस बात पर होता है कि शिष्टाचार, संस्कार व नैतिकता की उन्हें पहचान ही नहीं और न ही वह इसको मानने को तैयार हैं। आज की युवा पीढ़ी तो पागल हाथी की तरह नैतिकता व संस्कारों को भुलाकर अपने रास्ते में आने वाली हर चीज को रौंदते हुए चली जा रही है। वह इस बात से बेखबर हैं कि जब भी जमीन पर गिरेंगे तो क्या हाल होगा। यह सिर्फ नैतिक मूल्यों की कमी के कारण ही हो रहा है। जिस महान धरा पर मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम व अर्जुन जैसे महान विभूतियों का जन्म हुआ है। आज उसी धरा से शिष्टाचार, नैतिकता व संस्कार खोते जा रहे हैं। संस्कार हमें सफलता की ऊंचाइयों तक ले जाते हैं। जब हम अपने आदर्श, संस्कार व उद्देश्य भूल जाते हैं तो असफलताएं ही हाथ लगती हैं। कड़वा सच यह है कि आज के युवाओं को संस्कार, आदर्श व सिद्धांत का पता ही नहीं है। अगर ईमानदारी से सोचें तो अनैतिकता व अशिष्टता को फैलाने वाले कोई और नहीं अपितु हम ही हैं। उनको सहेजने के लिए भी हमें ही कदम उठाने होंगे। अपने बच्चों को अच्छे संस्कार व शिक्षा दें। बच्चा कोरे कागज की तरह होता है उस कोरे कागज पर संस्कारों, नैतिक मूल्यों व शिष्टाचार की तहरीर लिखना हमारा फर्ज है। अभी तक भी समय है और आज से ही हमें शपथ लेनी होगी कि युवाओं पर दोष मढ़ने के बजाय बच्चों को संस्कार, नैतिक मूल्य व शिष्टाचार को सिखाएं। साधन के बजाय साध्य पर ध्यान देने से आज धन, आधुनिक विलासिता और कामुक सुख पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इन साधनों को प्राप्त करने के लिए यथोचित माध्यम को महत्व नहीं दिया जाता है, जिससे नैतिक मूल्यों की उपेक्षा की जाती है। इससे क्रोनी कैपिटलिज्म, घोटाले, अपराध और समाज में बढ़ती असमानता बढ़ती है। गांधीवादी सिद्धांतों के खिलाफ होने से अच्छे जीवन की संकीर्ण धारणा, गांधीवादी 7 सामाजिक पापों की ओर ले जा रही है, जो समाज को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं।

उदाहरण के लिए, काला धन और कर चोरी- बिना काम के धन का परिणाम है, इसी प्रकार हिरोशिमा और नागासाकी में बमबारी- मानवता के बिना विज्ञान को दशार्ता है। असंतोष, अलगाव, उपद्रव, आंदोलन, असमानता, असामंजस्य, अराजकता, आदर्श विहीनता, अन्याय, अत्याचार, अपमान, असफलता अवसाद, अस्थिरता, अनिश्चितता, संघर्ष, हिंसा यही सब घेरे हुए है, आज हमारे जीवन को।

व्यक्ति में एवं समाज में साम्प्रदायिकता, जातीयता, भाषावाद, क्षेत्रीयतावाद, हिंसा की संकीर्ण कुत्सित भावनाओं व समस्याओं के मूल में उत्तरदायी कारण है।

# वे मर रहे हैं

डॉ. सुरेश कुमार

**मुझे अ**केले खेलने की आदत हो गई है। कोई मेरे साथ खेलने वाला नहीं है। शब्दों के कुएँ से शब्द सींच रहा हूँ। इन्हीं शब्दों से कविता की बाल्टी भर रहा हूँ। हर कोई उखड़ा-उखड़ा हुआ है। मेरे अहं ने मुझे अकेला बना दिया है। कविता की बाल्टी में शब्दों का पानी मेरी प्यास नहीं बुझा पा रहा है। जहाँ देखूँ वहाँ मैं ही मैं दिखाई देता हूँ। जो भी सुनूँ मेरी मैं...मैं ही सुनाई देती है। कभी लगता है कि बकरियों की मैं-मैं मुझसे ही उपजी है। जीवन चलता ही रहता है। पैरों पर न सही घुटनों के बल ही सही। जीने के लिए जीवन और जीवन के लिए जीना दोनों की समझ मेरी समझ से परे है। चूंकि मेरी समझ के दरवाजे बंद रहते हैं, इसलिए अच्छे-बुरे की हवा भीतर आने की हिम्मत नहीं कर पाती। ऐसा नहीं है कि अच्छे-बुरे की हवा दरवाजा खटखटाती नहीं है, खटखटाती तो जरूर है लेकिन वह मेरी किटकिटाहट और चिल्लाहट को सुन दबे पैर लौट जाती है। मेरी परछाई जीवन की ताजा खबर देती रहती है। यूरोप में बर्फीली बारिश, भारत में लुढ़कती जिंदगियों की सुगबुगाहट, लेबनान में विद्रोही चूहों की महामारी, लिबिया में गोलियों की बरसात और कैरो में उपद्रवी अग्निभीषणकांड की उथल-पुथल में कराहते जीवन का क्रंदन। ताजा खबर के बहाने बासी कब्र की मिट्टी में छिपी अहं की गरमाहट मेरे पास क्यों नहीं फटकती? विकास का भूत असमय मौतों का भविष्य देखकर थर-थर कांप रहा है। पखेरुओं से लुप्त होती जमीन गरीब, बेरोजगारों के लिए प्राण पखेरुओं का गढ़ बनता जा रहा है।

## फटाफट खबरें

### अवैध संबंधों के शक में पिता ने मां-बेटी को मारी गोली, दोनों की हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** इंस्टाग्राम पर नाबालिग बेटी के साथ एक लडके की फोटो देखकर इस कदर भडके पिता ने बेटी को गोली मार दी। बीच-बचाव करने आई मां की भी गोली मारकर हत्या कर दी। मां की मौके पर मृत्यु हो गई और बेटी ने अस्पताल में दम तोड दिया।

ये घटना बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के सेमरदहा गांव में सोमवार को अपरान्ह डेढ बजे हुई। बताया गया कि सेमरदहा गांव का डॉ नन्दकिशोर त्रिपाठी जो पशु मित्र के बतौर काम करता था। उसने आज नाबालिग बेटी खुशी (15) की फोटो इंस्टाग्राम में एक लडके के साथ देख लिया। फोटो देखकर इस कदर भडके पिता ने पुत्री खुशी को गोली मार दी। बीच-बचाव करने आई मां सीमा (35) की भी गोली मारकर हत्या कर दी। मां की मौके पर मृत्यु हो गई और पुत्री ने अस्पताल में दम तोड दिया।

लोगों ने बताया कि अवैध संबंधों के शक के चलते पिता ने मां-बेटी को गोलियों से भूना है। गांव में घटना से सनसनी फैल गई है। मौके पर पहुंची बहिलपुरवा थाना पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। हत्या के बाद हत्यारा पिता फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है।

### चाचा-भतीजा की जोड़ी कर रही कमाल, हो रहे मालामाल, प्रधानमंत्री आवास योजना में जमकर कर रहे वसूली

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के चंद्रामारा गांव में सचिव व रोजगार सेवक मिलीभगत कर प्रधानमंत्री आवास योजना में जमकर अवैध वसूली कर रहे हैं। सचिव ज्ञान सिंह पटेल व ग्राम रोजगार सेवक संजय पटेल आपस में चाचा-भतीजा हैं।

सोमवार को मानिकपुर ब्लाक के चंद्रामारा गांव में चाचा-भतीजा की जोड़ी के अवैध वसूली का खुलासा हुआ है। बताया गया कि ये जोडी कमाल कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना में अवैध वसूली करके मालामाल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आवास योजना का लाभ देने की एवज में दस हजार रूपए प्रति आवास वसूली की जा रही है। मनरेगा योजना से कराए मेडबंदी व समतलीकरण के नाम पर भी जमकर खेल किया है।

बिना कार्य पूरा कराये ही भुगतान निकाल लिया है। मौके पर कोई कार्य नहीं हुआ है। बिना कार्य करने वाले लोगों को मजदूर बनाकर फर्जी मस्टर रोल भरकर सरकारी धन का बंदरबाट कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि रोजगार सेवक संजय पटेल सत्ताधारी दल के नेता का रिश्तेदार होने दम्भ भर रहा है। चंद्रामारा गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना में हो रही वसूली की कब जांच होगी। ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों से मामले को संज्ञान में लेते हुए चाचा-भतीजा की जोडी की जांच की मांग की है। लाभार्थियों से पूंछने पर अवैध वसूली का सच सामने आ जायेगा।

### बिजली कर्मियों की हडताल का किसान सभा ने किया समर्थन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** किसान सभा ने विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आवाहन पर 16 मार्च से होने वाली हडताल का समर्थन करते हुए उप्र सरकार से बिजली कर्मचारी संघर्ष समिति के साथ हुए लिखित समझौते को पूरा करने की अपील की है।

सोमवार को उप्र किसान सभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं किसान सभा के जिलाध्यक्ष का रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने जिले में किसान सभा की ग्राम इकाइयों से बिजली कर्मियों के साथ खडा होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि एक तरह से यह हडताल उप्र सरकार बिजली कर्मियों पर थोपी जा रही है, क्योंकि ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की मध्यस्थता में सरकार के अन्य उच्चाधिकारियों के बीच संघर्ष समिति से हुयी वार्ता में बिजली के निजीकरण को कदम न उठाने और कर्मचारियों की अन्य लम्बित मांगो को पूरा करने का लिखित समझौता हुआ था। पावर कारपोरेशन के चेयरमैन ने उस समझौते को लागू करने से साफ इंकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि 16 मार्च से होने वाली विद्युत कर्मियों की हडताल का उप्र किसान सभा अपना समर्थन देती है।

### 55 क्वार्टर शराब के साथ दो दबोचे

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान के तहत मारकुण्डी पुलिस ने 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ युवक को दबोचकर आबकारी अधिनियम में चालान किया है।

सोमवार को मारकुण्डी थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने राहुल कोल पुत्र रामकिशोर निवासी उदयसागर कोठी सतना मप्र को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। टीम में थानाध्यक्ष के साथ सिपाही शुभम द्विवेदी शामिल रहे। सरधुआ थाने के दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी ने हरिश्चन्द्र सिंह पुत्र अवधेश सिंह निवासी अतरौलीमाफी के कब्जे से तीस क्वार्टर देशी शराब के साथ दबोचा है। आबकारी अधिनियम में चालान किया है। टीम में दरोगा के साथ सिपाही महेन्द्र शामिल रहे।

### जुआरी मस्त, पुलिस पस्त

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी क्षेत्र में ताश के पत्तों से लाखों रुपये के हार-जीत की बाजी लगाई जा रही है। जुआरी जुआ में हारने के बाद चोरी व अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं। कर्वी क्षेत्र के लोगों ने पुलिस अधीक्षक से जुआ के खेल में अंकुश लगाने की मांग की है।

सोमवार को कोतवाली कर्वी क्षेत्र के जुआरियों का वीडियो वायरल हुआ। जुआरी भुइहरी, इटरौर, कसहाई, मछली मंडी, पासी तिराहे वाली गली, फक्कड बाबा की कुटिया में जुआ की फड सजाते हैं। जुआरियों को पुलिस का कोई भय नहीं है। पुलिस से बेखौफ होकर जुआ की फड लगाई जाती है। फड संचालक जुआ से नाल निकालते हैं।

जुआ की फड में प्रतिदिन लाखों रुपये के वारे-न्यारे होते हैं। हारने के बाद जुआरी चोरी व अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं। जुआरियों का वीडियो वायरल होने के बाद भी कोई कार्यवाही न होने से बेधडक होकर जुआ खेलने में मस्त हैं।

# केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के चित्रकूट बाईपास निर्माण की घोषणा से धर्म नगरी में दौड़ी खुशी की लहर

## -बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल की पहल लाई रंग-चित्रकूट को मिली बडी उपलब्धि के लिए व्यापारियों और समाजसेवियों ने दी सांसद को बधाई

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट,।** विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ चित्रकूट को अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने में जुटी केंद्र और प्रदेश सरकार ने सोमवार को एक और बडी सौगात दी है। बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल की मांग पर केंद्रीय सडक परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने महोबा कार्यक्रम के दौरान धर्म नगरी चित्रकूट में रामवन गमन मार्ग को फोर लेन करने के साथ-साथ 200 करोड की लागत से 15 किमी फोर लेन बाईपास बनाने की घोषणा कर धर्म नगरी के लोगों को खुश कर दिया है।

आपको बता दे कि विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ चित्रकूट में भगवान श्रीराम ने वनवास काल के दौरान साढे 11 वर्ष तक चित्रकूट में व्यतीत किया था।जिसकी वजह से चित्रकूट का महत्व जन्मभूमि आयोध्या से कम नही है। प्रतिवर्ष दो करोड से अधिक श्रद्धालु चित्रकूट आकर मंदाकिनी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद मनोकामनाओं के पूरक भगवान श्रीकामतानाथ के दर्शन-पूजन करते है। केंद्र और प्रदेश सरकार लगातार चित्रकूट के पर्यटन विकास के कार्य कर रहीं है। इसके बावजूद चित्रकूट आने श्रद्धालुओं को भारी भीड एवं गिटटी-बालू के प्रतिदिन गुजरने वाले हजारों ट्रको के चलते जाम के झाम से जूझना पडता है। बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल लगातार



बाईपास निर्माण के लिए पहल कर रहे थे।

सोमवार को महोबा में आयोजित विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल की मांग पर केंद्रीय सडक परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उमडे जनसमुदाय के समक्ष रामवन गमन मार्ग को चित्रकूट में फोर लेन बनाने के साथ-साथ 200करोड की लागत से 15 किमी का फोर लेन बाईपास बनाने की घोषणा की।केंद्रीय मंत्री की घोषणा से चित्रकूट वासियों में खुशी की लहर है। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी,वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज अग्रवाल,शक्ति प्रताप सिंह,समाजसेवी एमपी जायसवाल,राजेश सोनी आदि ने बाईपास की घोषणा का स्वागत करते हुए बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल की पहल की जमकर सराहना करते हुए बधाई दी।लोगों का कहना है कि बाईपास बनने से चित्रकूट का चतुर्दिक विकास होने के साथ-साथ देश भर से चित्रकूट आने वाले करोडों श्रद्धालुओं को जाम के झाम से निजात मिलेगी।

# पाठा क्षेत्र में खत्म हो गई है शस्त्र लाइसेंसों की जरूरत

## नये सिरे से जांच कर कैंसिल करें लाइसेंस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर पाठा क्षेत्र किसी जमाने में दस्यु प्रभावित क्षेत्र होने से यहां के लोगों को जानमाल की सुरक्षा को बहुरी की भांति शस्त्र लाइसेंस बांटे गये थे। तीन दशक बाद पाठा क्षेत्र से दस्यु समस्या पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। अब शासन को चाहिए कि दस्युओं का हवाला देकर शस्त्र लाइसेंस लेने वालों के शस्त्र जमा कराये जायें, ताकि सेमरदहा गांव जैसी घटना की पुनरावृत्ति न हो सके।

सोमवार को बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के सेमरदहा गांव में मां-बेटी की



जिस अंदाज में हत्या हुई है, इस हत्याकांड ने लोगों को सोंचने पर विवश कर दिया है। मानिकपुर थाना क्षेत्र के लोगों ने बहुरी की भांति सुरक्षा के नाम पर शस्त्र लाइसेंस पाए हुए हैं। शासन को चाहिए कि दस्यु समस्या समाप्त होने के बाद इन लोगों के शस्त्र या तो शासन को जमा करा लेना चाहिए या इनके लाइसेंस को निरस्त कर देना चाहिए। क्योंकि कहीं न कहीं अब शस्त्रों का या शस्त्र धारी दुरुपयोग कर रहे हैं। ज्यादातर लोग शादी-विवाह में हर्ष फायरिंग करते हैं। लोगों में भय पैदा करने को भी शस्त्रों का दिखावा करते हैं। ऐसे शस्त्र धारी आए दिन कोई न कोई घटनाएं अंजाम दे रहे हैं।

इसका ज्वलंत उदाहरण सोमवार को सेमरदहा गांव में देखने को मिला। एक पिता ने अवैध संबंधों के शक के चलते पत्नी व पुत्री की गोली मारकर हत्या कर दी। मामला चाहे कुछ भी हो, दस्यु समस्या समाप्ति के बाद पाठा के बीहड़ क्षेत्र के लोगों को शस्त्रों की कोई जरूरत नहीं है। पूर्व जिलाधिकारी जगन्नाथ सिंह ने उस दौर में जिले में रेवड़ी की भांति शस्त्र लाइसेंस बांटे थे। दस्यु समस्या समाप्त होने के बाद ज्यादातर शस्त्रों की भी आवश्यकता खत्म हो चुकी है।

# मैनपावर बढाकर जल्द करायें कार्य, पहुंचायें जलः डीएम

## डीएम ने की समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा बैठक में चांदी बांगर, सिलौटा मुस्तकिल एवं रैपुरा पेयजल समूह के कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यदाई संस्था एलएनटी एवं जीवीपीआर के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन से निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य करायें।

सोमवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए निमार्णाधीन कार्य, आईएमआईएस पोर्टल पर एफएचटीसी की फीडिंग, संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट के सभी कंपोनेंट्स, जेजेएम पोर्टल पर फीडिंग पाइप



लाइन एवं ई व एम प्रोक्योरमेंट की प्रगति समझी। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप त्रिपाठी से कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों में जहां पर अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जाना है, उसे तत्काल कराए। अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि जो कार्य जल जीवन मिशन के पूरे हो गए हैं, उनमें विद्युत संयोजन करायें। जल निगम के अधिकारियों से कहा कि पेयजल समूह की परियोजनाओं के कार्यों की जांच करें। एडीएम नमामिगंगे के कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी करें। एक सप्ताह के अन्दर पंप स्टाल न होने पर कडी कार्यवाही की चेतावनी दी। मैनपावर बडाकर कार्यों को तेजी से करायें, ताकि हर घर नल योजना से पेयजल पहुंचाया जा सके।

बैठक में एडीएम नमामिगंगे सुनन्दू सुधाकरण, प्रभागीय वनाधिकारी पीके त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता विद्युत आरएस वर्मा, जल निगम के अधिकारियों समेत संबंधित अधिकारी एलएनटी, जीवीपीआर कार्यदाई संस्था के अधिकारी एवं स्वयंसेवी संस्था के लोग मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण देकर पोषण वाटिका को बांटे बीज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ममता हैल्थ इंस्टीट्यूट ऑफ मदर एंड चाइल्ड के जाग्रति परियोजना के तहत वाराणसी एवं दिल्ली राज्य के विनोद प्रधान, प्रनव जी एवं संस्था के जिला समान्वयक राजीव पाठक ने जिले के मानिकपुर व पहाडी ब्लॉक मे लोगो को पोषण वाटिका तैयार करके स्वास्थ्य को बेहतर करने को बीज बांटे।

सोमवार को उन्होंने लोगों को पोषण वाटिका/किचेन गार्डेन तैयार करने के तरीके बताये। खासतौर पर गर्भवती महिलायें व किशोरी अनीमिया के शिकार होती हैं। पोषण वाटिका तैयार करके फल व सब्जी से स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। रक्तचाप, मधुमेह जैसी बीमारियों से बच सकते हैं।




भोजन में पोषक तत्वों के अभाव से खून की कमी, हड्डियां कमजोर होना, दांतों की समस्याएं, त्वचा का फटना, आंखों से कम दिखाई देना, मुंह में छाले, हाथों व पैरों में झनझनाहट, शारीरिक अंगों का ठीक से विकास न होना, बालों का झड़ना व सफेद होना आदि विकार होते हैं। बनारस एवं दिल्ली से आए विनोद प्रधान व प्रनव के साथ संस्था के जिला समन्वक राजीव कुमार पाठक व पूरी टीम ने योगदान दिया।

## न्यूज झरोखा

### एसपी द्वारा शातिर अपराधी को गुण्डा एक्ट में किया गया 6 माह के लिए जिला बदर

**उरई(जालौन)। जालौन** पुलिस अधीक्षक डा.ईरज राजा द्वारा अभ्यस्त अपराधी जिसके विरूद्ध जनपद के थानों में गंभीर धाराओं जैसे चोरी,लूट,बलवा गुंडा अधिनियम आदि में अभियोग पंजीकृत हैं , को 6 माह की अवधि के लिये जिलाबदर कराया गया है।

यदि अभियुक्त जनपद की सीमा के अन्दर पाया जाता है तो उसके विरूद्ध गुण्डा नियंत्रण अधि0 1970 की धारा 10 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी सम्बन्धित थाना प्रभारी उक्त कार्यवाही से 3 दिवस के अन्दर सम्बन्धित न्यायालय को अवगत करायेंगे।

बताया गया है कि अभियुक्त नीरू खटीक पुत्र भगवानदास खटीक उर्फ भगोले निवासी मुहल्ला आजाद नगर थाना माधौगढ़ जनपद जालौन को दिनांक 28 फरवरी 2023 से जिलाबदर किया गया।

### छुट्टा पशु को बचाने के चक्कर में डिवाइडर से भिड़े बाइक सवार घायल

**मिजार्मुराद। क्षेत्र** के रूपापुर ओवरब्रिज पर रविवार की दोपहर अचानक गाड़ी के सामने छुट्टा पशु आ जाने के कारण बाइक सवार प्रयागराज आशेपुर निवासी संतोष कुमार राजभर व दिनेश कुमार डिवाइडर से टकराकर घायल हो गए।ग्रामीणों की मदद से दोनो युवक को पास के नर्सिग होम में दवा इलाज कराया गया।बाइक सवार बीएचयू स्थित ट्रॉमा सेंटर में भर्ती अपने किसी परचित को देखने जा रहे थे।

### अखंड भारत ब्राह्मण महासभा की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

**गाजियाबाद। आज** विनायक ग्रीन फार्म हाउस अवंतिका में अखंड भारत ब्राह्मण महासभा की कार्यकारिणी के विस्तार हेतु एक मीटिंग का आयोजन किया। बैठक का संचालन पंडित अवधेश शर्मा ने किया जिसमें अध्यक्ष पंडित अखिलेश शर्मा व महामंत्री पंडित नरेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष सुमित शर्मा को और पंडित शिवकुमार शर्मा को संरक्षक सर्वसम्मति से चुना गया।

सभा में शहर के और पदों के लिए एडवोकेट योगेंद्र शर्मा, राकेश कौशिक, मनोज गौड़, शिवकुमार शर्मा, खुशीराम शर्मा, राधेश्याम पांडे, ब्रज भूषण शर्मा, अवनीश कुमार, मुकेश शर्मा, मोहित शर्मा, संजय शर्मा, ओम प्रकाश दुबे, त्रिलोक चंद शर्मा, धर्मेंद्र, अरविंद भारद्वाज, राजेश शर्मा, जितेंद्र, बल्लू, शशिकांत वत्स आदि को चुना गया। महासभा ने शहर के ब्राह्मण समाज के लोगो को जोड़ने के लिये 9355030933 पर मिसकॉल और व्हाट्सएप पर नाम पता दर्ज कराने की अपील भी की है।

### मिजार्पुर में पारंपरिक मेला लगने के साथ ही विशाल काली शोभायात्रा निकाली गई

**अवागढ़। रोहिना-** मिजार्पुर पंचायत के गांव मिजार्पुर में पारंपरिक मेला लगने के साथ ही विशाल काली शोभायात्रा निकाली गई, बड़ी संख्या में गांव के महिला और पुरुष बच्चे मेला में खरीदारी करने के लिए पहुंचे, और काली शोभायात्रा पूरे मिजार्पुर गांव में भ्रमण करते हुए निकाली गई। मेला कमेटी के अध्यक्ष लाखन सिंह राणा प्रधान मिजार्पुर एवं कमेटी के सदस्य तालेवर सिंह, उदयवीर सिंह,अवनीश कुमार ,योगेंद्र कुमार अगरिया के साथ ही अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में विशाल काली शोभायात्रा निकाली गई।

गांव में मेले में चरख -झूले के साथ ही मनोरंजन के साधन भी लगाए गए थे। जहां पर पहुंचकर के बच्चों के द्वारा मनोरंजन किया गया।वहीं रात्रि में विशाल रसिया दंगल का आयोजन किया जाएगा वही गांव मेला आयोजित होने के कारण दूर- दराज क्षेत्र भी लोग मेला में पहुंचे।

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**शिकारपुर.(बुलंदशहर)। पुलिस** ने रघुराज पेट्रोल पंप बुलंदशहर बदायूं रोड के पास से एक व्यक्ति को 22 पव्वे मिस इंडिया मारका अवैध देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दीपक पुत्र जयप्रकाश निवासी मोहल्ला कोट शेरखान शिकारपुर को 22 पव्वे अवैध देसी शराब लेकर कहीं सप्लाई करने जा रहा था। आरोपी को 22 पव्वे मिस इंडिया मार्का देसी शराब के साथ गिरफ्तार करके मामला दर्ज किया है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार किसान की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**शिकारपुर.(बुलंदशहर)। शिकारपुर** जहांगीराबाद मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के जखैता गांव के पास साइकिल सवार एक किसान को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए किसान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम को भेजा ।

जानकारी के अनुसार शनिवार की रात जखैता गांव के पास नलकूप से साइकिल पर सवार होकर घर लौट रहे जखैता गांव निवासी सुंदर पाल सिंह (36) पुत्र धर्मपाल सिंह को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार किसान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। गांव प्रधान लीलू प्रधान द्वारा हादसे की पुलिस को खबर दी गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसान सुंदर पाल सिंह के शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा है। कोतवाल ने बताया कि अभी तक परिवार के किसी सदस्य द्वारा तहरीर नहीं दी गई है।

## इजरायली चौकी पर हमला करने वाले तीन फलस्तीनी बंदूकधारी ढेर

**जेरूसलम।** इजराइली सैनिकों ने वेस्ट बैंक के नाबलस शहर में चौकी पर हमला करने वाले तीन फलस्तीनी बंदूकधारियों को मार गिराया। वहीं चौथे बंदूकधारी को आत्मसमर्पण करने के बाद हिरासत में लिया गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने वेस्ट बैंक के उत्तरी भाग में नाबलस शहर के पास उन क्षेत्रों में मौतों की पुष्टि की है। हाल के महीनों में यहां हिंसा में वृद्धि देखी गई है। वहीं लायंस डेन, नाबलस के पुराने शहर में स्थित एक उग्रवादी समूह ने बयान जारी कर तीनों को अपने गिरोह का सदस्य होने का दावा किया। इजरायली सेना ने कहा कि सशस्त्र बंदूकधारियों के एक समूह ने नाबलस में, हुवारा-जित जंक्शन के पास एक सैन्य चौकी पर गोलियां चलाईं। आईडीएफ ने एक बयान में कहा कि सैनिकों ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें तीन बंदूकधारी मारे गए और चौथे ने आत्मसमर्पण कर दिया और हथियार और गोला-बारूद जब्त कर लिया। यह घटना वेस में इजरायली सेना और फलिस्तीनियों के बीच संघर्ष की श्रृंखला में नवीनतम थी। बता दें कि बीते साल अगस्त में ठीक ऐसी ही घटना सामने आई थी, जिसमें गोलीबारी के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और 40 से अधिक घायल हो गए थे।

## चीन के विदेश मंत्री छिन कांग स्टेट काउंसलर के रूप में पदोन्नत

**बीजिंग।** हाल ही में भारत का दौरा कर लौटे विदेश मंत्री छिन कांग को स्टेट काउंसलर के रूप में पदोन्नत किया गया है। इसके साथ वह भारत-चीन सीमा वार्ता के लिए देश के विशेष प्रतिनिधि के पद पर नियुक्त होने वाले संभावित उम्मीदवार हो गए हैं। उन्हें राष्ट्रपति शी जिनपिंग का भरोसेमंद और बेहद करीबी माना जाता है। छिन कांग अमेरिका में चीन के राजदूत भी रहे हैं।

राष्ट्रपति शी के विश्वासपात्र छिन कांग जी-20 के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए इस महीने की शुरुआत में नई दिल्ली आए थे। इस दौरान उन्होंने विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बातचीत की थी। उल्लेखनीय है कि मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के बाद से चीन और भारत के बीच संबंध लगभग शिथिल हैं। गतिरोध को दूर करने के लिए दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय सैन्य कमांडरों की 17 दौर की वार्ता हो चुकी है।

## कतर जा रही इंडिगो फ्लाइट की पाकिस्तान में हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**कराची।** इंडिगो एयरलाइन की दोहा जा रही एक फ्लाइट को पाकिस्तान के कराची में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी है। दरअसल फ्लाइट में एक मेडिकल इमरजेंसी के चलते यह फैसला किया गया। इंडिगो एयरलाइन ने यह जानकारी दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फ्लाइट में सवार एक यात्री की तबीयत बिगड़ने के बाद फ्लाइट को कराची में लैंडिंग कराई गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इंडिगो एयरलाइन की फ्लाइट 9श्व1736 दिल्ली से कतर की राजधानी दोहा जा रही थी। यात्रा के दौरान एक यात्री ने तबीयत खराब होने की शिकायत की, जिसके बाद प्लेन के पायलट ने नजदीकी कराची एयरपोर्ट के एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इसकी सूचना दी और इमरजेंसी लैंडिंग की इजाजत मांगी। जिस पर कराची एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने फ्लाइट को लैंडिंग की इजाजत दे दी। जिस यात्री की तबीयत खराब हुई , उनकी पहचान अब्दुल्ला (60 वर्षीय) के तौर पर हुई है और वह नाइजीरिया के नागरिक हैं। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि कराची में लैंडिंग से पहले ही यात्री की मौत हो गई।




## कम्युनिस्ट पार्टी की सालाना बैठक में शी जिनपिंग का एलान- ताइवान की आजादी का हर हाल में करेंगे विरोध

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कम्युनिस्ट पार्टी की अहम बैठक के दौरान कहा कि ताइवान में आजादी को लेकर हो रहे बदलावों का हर हाल में विरोध करेंगे। बता दें कि शी जिनपिंग ये बात कम्युनिस्ट पार्टी की नेशनल पीपल्स कांग्रेस की अहम सालाना बैठक के दौरान कही। हफ्ते भर चली इस बैठक की समाप्ति पर दिए अपने संबोधन में शी जिनपिंग ने ताइवान की आजादी के विरोध का एलान किया। नेशनल पीपल्स कांग्रेस की बैठक के दौरान ही शी जिनपिंग को तीसरी बार चीन का राष्ट्रपति चुना गया है। ऐसे में कह सकते हैं कि तीसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद अपने पहले संबोधन में जिनपिंग ने ताइवान को लेकर बड़ा बयान दिया है। शी जिनपिंग ने सोमवार को दिए अपने बयान में चीन को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और ताइवान के साथ शांतिपूर्ण संबंध बनाने की बात भी कही। नेशनल पीपल्स कांग्रेस की बैठक के दौरान ही ली कियांग को चीन का नया प्रीमियर या प्रधानमंत्री बनाया गया।

# श्रीलंका में टैक्स वृद्धि के खिलाफ कर्मचारी आंदोलित, 15 मार्च को आम हड़ताल

**कोलंबो।** श्रीलंका में टैक्स वृद्धि के खिलाफ कर्मचारी आंदोलन तेज हो गया है। अब कर्मचारियों ने 15 मार्च को आम हड़ताल का ऐलान किया है।

श्रीलंका में भीषण आर्थिक संकट से बाहर निकलने की प्रक्रिया चल रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की शर्तें पूरी करने के प्रयासों के तहत श्रीलंका सरकार ने आयकर दरों में भारी वृद्धि की है। श्रीलंका में लागू नई कर नीति के मुताबिक एक लाख रुपये प्रति महीने से अधिक कमाने वाले हर व्यक्ति को कर दायरे में लाया गया है। साथ ही आयकर की दर 36 फीसदी कर दी गई है। इसके खिलाफ कर्मचारी एवं शिक्षक आंदोलित हैं। कमर्चारियों ने 15 मार्च को आम हड़ताल का ऐलान किया है और इसे शिक्षकों का भी समर्थन मिल रहा है। फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन (एफयूटीए) की प्रवक्ता चारूदत्ता इलांगासिंघे ने पत्रकारों से कहा कि अब निर्णायक संघर्ष का समय आ गया है। अब अधिक इंतजार नहीं किया जा सकता। 15 मार्च के पहले सरकार को फैसला करना होगा, वरना 15 तारीख से देश में पानी, बिजली, जहाजरानी और यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की सेवाएं बंद हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि सरकार एक उचित कर प्रणाली का प्रस्ताव रखे तो कमर्चारी एवं मजदूर संगठन उस पर बातचीत के लिए तैयार हैं। कर्मचारी एवं मजदूर यूनियन नेताओं ने कहा कि हम लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, किन्तु अब 15 मार्च को सब कुछ बंद कर दिया जाएगा। सिलोन बैंक एम्पलॉइज यूनियन के अध्यक्ष चन्ना दिसानायके ने ऐलान किया है कि बैंक कर्मचारी भी 15 मार्च की हड़ताल में शामिल होंगे। सिलोन बैंक एम्पलॉइज यूनियन में 18 अलग-अलग बैंकों की यूनियनें शामिल हैं। साथ ही सेंट्रल बैंक के कर्मचारियों की चार यूनियनें भी इसकी सदस्य हैं।




दिसानायके ने बताया कि कई प्राइवेट बैंकों के कर्मचारी भी आंदोलन में शामिल हैं। हम बैंकिंग सिस्टम के हिस्से के रूप में एकजुट हुए हैं और ट्रेड यूनियन गतिविधियों को तेज करने का फैसला किया है। इसमें 15 मार्च से शुरू हो रहे सप्ताह में हड़ताल का निर्णय भी शामिल है। जब पेशेवरकर्मियों पर अनुचित टैक्स लगाया जाता है तो उसका असर सिर्फ पेशेवरकर्मियों पर ही नहीं, बल्कि उनके नीचे के हर स्तर पर पड़ता है। इससे देश में आर्थिक मंदी की शुरुआत हो सकती है।

## छोटी नौकाओं में सवार होकर अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंच रहे भारतीय

**लंदन।** इंग्लिश चैनल पार करके ब्रिटेन में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले भारतीयों की संख्या में पिछले साल बढ़ोतरी दर्ज की गई और छोटी नौकाओं पर सवार होकर कुल 683 लोग देश में आए, जिनमें अधिकतर भारतीय पुरुष हैं। ब्रिटेन में अनियमित प्रवासन के संबंध में देश के गृह विभाग के पिछले साल के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, ब्रिटेन में अवैध रूप से सीमा पार करके आने वाले भारतीयों की संख्या साल-दर-साल बढ़ रही है। वर्ष 2021 में 67 भारतीय नागरिक छोटी नौकाओं से सीमा पार करके आए थे, जबकि 2020 में यह संख्या 64 थी और 2019 एवं 2018 में ऐसा एक भी मामला सामने नहीं आया था।

प्रवासन एवं गतिशीलता साझेदारी (एमएमपी) के तहत ब्रिटेन का भारत के साथ एक वापसी समझौता है, जिसका उल्लेख ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने पिछले सप्ताह संसद में किया था। सुनक ने सदन में कहा था, हमने भारत, पाकिस्तान, सर्बिया, नाइजीरिया और महत्वपूर्ण रूप से अब अल्बानिया के साथ वापसी समझौते किए हैं।

भारतीय मूल के ब्रिटिश नेता ने कहा था, हमारी स्थिति स्पष्ट है, यदि आप अवैध रूप से यहां पहुंचते हैं तो आप यहां शरण का दावा नहीं कर पाएंगे, आप आधुनिक दासता प्रणाली का हिस्सा नहीं बना पाएंगे और आप मानवाधिकारों के फर्जी दावे नहीं कर पाएंगे। गृह विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 400 भारतीय नागरिक ऐसे भी हैं जो 2022 में ब्रिटेन में हवाई मार्ग से अपर्याप्त दस्तावेजों के साथ पहुंचे लोगों की श्रेणी में आते हैं। ब्रिटेन में 2022 में कुल 45,755 लोग छोटी नौकाओं से अवैध रूप से देश पहुंचे, जिनमें भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। इन भारतीय नागरिकों की आयु 25 वर्ष से 40 वर्ष के बीच है। ब्रिटेन में जलमार्ग से अवैध तरीके से आए इन लोगों में अधिकतर अल्बानिया एवं अफगानिस्तान के नागरिक हैं।

## अमेरिका में 37000 फीट की ऊंचाई पर विमान को हवा में लगे झटके, सात यात्री जख्मी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में ऑस्टिन से फ्रैंकफर्ट जा रहा एक विमान 37000 फीट की ऊंचाई पर हवा में झटका खाने लगा। इससे सात यात्री जख्मी हो गए और अफरातफरी मच गई। स्थिति सामान्य करने के लिए वाशिंगटन में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

लुफ्थांसा एयरलाइन्स का विमान एयरबस ए330-300 अमेरिका के ऑस्टिन से फ्रैंकफर्ट जा रहा था। रास्ते में जब विमान करीब 37 हजार फीट की ऊंचाई पर था तो अचानक उसमें झटके लगने लगे। एक के बाद एक कई झटके लगने से यात्रियों में अफरातफरी मच गई। झटका लगने के बाद यात्रियों की कुर्सियों के सामने रखा खाने का सामान इधर-उधर बिखर गया। तमाम लोगों को चोटें आईं। बाद में विमान को फ्रैंकफर्ट ले जाने के स्थान पर वाशिंगटन स्थित डुलेस हवाई अड्डे पर उसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक यात्री की तो कूल्हे की हड्डी टूट गई है। घटना के बाद विमान से उतरने से पहले सभी यात्रियों से घटना की तस्वीरें और वीडियो डिलीट करने को कहा गया। इसके बावजूद विमान की कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। विमान में सवार एक यात्री ने बताया कि जब उन्हें घटना की तस्वीरें और वीडियो डिलीट करने को कहा गया तो वह इसे सुनकर हैरान रह गए। विमान में सवार कुछ यात्रियों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दावा किया कि विमान हवा में करीब चार हजार फीट तक नीचे आया था, जिससे विमान में सवार यात्रियों को झटका लगा।



## बाइडेन का कीव दौरा यूक्रेन को पड़ा भारी, खर्च हो गए 16 लाख डॉलर

**कीव।** युद्ध और संकटग्रस्त यूक्रेन के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का दौरा भारी पड़ गया है। यूक्रेन को बाइडेन की सुरक्षा में 16 लाख डॉलर खर्च करना पड़ा है। ज्ञात रहे कि 20 फरवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन अचानक कीव पहुंचे थे। जहां यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात कर अमेरिकी हथियार आपूर्ति व हालात पर चर्चा की थी। उन्होंने यात्रा के दौरान यूक्रेन को आर्थिक सहायता देने का भी ऐलान किया था। बाइडेन की इस यात्रा को काफी गुप्त रखा गया था। हालांकि, रूस ने इशारों में बताया था कि इस यात्रा के बारे में अमेरिका ने जानकारी साझा की थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की कीव यात्रा से यूक्रेनी करदाताओं को 1.6 मिलियन डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ है। यह पैसा अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा, कीव में दौरे की व्यवस्था और भोज की तैयारी के लिए आवंटित की गई थी। इसके अलावा एक अलग खर्च आम नागरिकों की भीड़ को जुटाने और अमेरिका व यूक्रेन के बीच मौजूद दोस्ती के बारे में बताने के लिए था। बाइडेन ने यूक्रेन के लिए 500 मिलियन डॉलर की अतिरिक्त सहायता पैकेज की घोषणा की थी। इस पैकेज में एचआईएमएआरएस रॉकेट सिस्टम, गोला-बारूद और दूसरे हथियारों के लिए पैसे भी शामिल थे। इसके अलावा यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिए अलग से फंड जारी करने पर भी सहमति बनी थी। हालांकि, बाइडेन ने यूक्रेन को लड़ाकू विमान देने से साफ इनकार किया था। अमेरिका ने रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से ही कीव को अरबों डॉलर की सहायता दी है। इसके अलावा यूक्रेन को बड़ी संख्या में हथियारों की सप्लाई भी कर रहा है। यूक्रेन इन्हीं हथियारों के दम पर रूस से जंग लड़ रहा है। अमेरिका ने यूक्रेन को अब्राम टैंक भी देने का ऐलान किया है। अमेरिकी होवित्जर, रॉकेट और मिसाइलें पहले से ही यूक्रेन युद्ध में शामिल हैं।



## अमेरिकी सांसद ने पाकिस्तान में मानवाधिकारों के उल्लंघन पर जताई चिंता

**इस्लामाबाद।** अमेरिका के एक सांसद ने पाकिस्तान में मानवाधिकारों और लोकतंत्र के लगातार उल्लंघन की घटनाओं को लेकर चिंता जताई और सरकार से कहा कि देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और कानून का शासन सुनिश्चित करे।

सदन की विदेश मामलों की समिति के सदस्य ब्रैड शर्मन ने ट्वीट किया, पाकिस्तान में हिंसा की बढ़ती घटनाओं को लेकर चिंता है। एक वीडियो बयान में शर्मन ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार को मानवाधिकारों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के उसके दायित्व के बारे में याद दिलाया है। शर्मन का यह वीडियो बयान अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के एक नेता द्वारा साझा किया गया।



कैलिफोर्निया के 32वें संसदीय जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद शर्मन ने कहा, हम मानवाधिकारों के हनन के खिलाफ आवाज उठाने से नहीं हिचकिचाएंगे। उन्होंने ट्वीट किया कि इमरान खान के साथ फोन पर बात की और राज्य के 40वें संसदीय जिले में यंग किम के खिलाफ खड़े एक पाकिस्तानी समाजसेवी और डेमोक्रेटिक उम्मीदवार आसिफ महमूद से मुलाकात की। वीडियो संदेश में महमूद के साथ खड़े नजर आ रहे शर्मन ने कहा, अमेरिका और पाकिस्तान के बीच संबंध 1940 के दशक से हैं, और इन वर्षों में दोनों देशों ने कई वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर एक साथ काम किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका को दुनिया भर में और विशेष रूप से पाकिस्तान में लोकतंत्र और मानवाधिकारों का समर्थन करना चाहिए।

## नेपाल में बस हादसा, छह लोगों की मौत, 19 घायल

**काठमांडू।** नेपाल के सिंधुली जिले में सुबह हुए बस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। यह हादसा सिंधुली के फिक्कल ग्रामीण नगर पालिका क्षेत्र में हुआ। बस दीवार से टकराकर पलट गई। सिंधुली के एसपी राजकुमार सिलवाल के मुताबिक बस ओखलढुंगा जिले से काठमांडू जा रही थी। चालक फरार है । हादसे के वक्त बस में 29 यात्री सवार थे।



# नेपाल में माओवादी पक्ष के 09 दलों का तर्क

**काठमांडू।** नेपाल में माओवादी पक्ष के 09 दलों ने इस बात पर जोर दिया है कि दस साल के सशस्त्र संघर्ष की घटनाओं की रिपोर्ट सत्य निरूपण और सुलह आयोग द्वारा किया जाना चाहिए न कि अदालतों द्वारा। उन्होंने काठमांडू में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की और तर्क दिया कि संघर्ष के दौरान घटनाओं की रिपोर्ट करने के लिए अदालत जाने की कोशिश करना शांति समझौते के खिलाफ है।


**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।


परे जाकर संदर्भ व संवैधानिक व्यवस्था शांति समझौते के खिलाफ है। संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व में सीपीएन(एमसी) से उपाध्यक्ष कृष्ण बहादुर महरा, मोहन वैद्य किरण के नेतृत्व में सीपीएन (आरएम) से सीपी गजुरेल, डॉ. बाबूराम भट्टराई के नेतृत्व वाली नेपाल समाजवादी पार्टी से उपाध्यक्ष हिसिला यामी, सीपीएन से महासचिव नेत्रबिक्रम चंद (बिप्लव), आम जनता पार्टी से अध्यक्ष प्रभु साह, सीपीएन बहुमत से समन्वयक धर्मेंद्र बस्तोला, साइंटिफिक सोशलिस्ट कम्युनिस्ट पार्टी से महासचिव आहुति, सीपीएन (एमएस) से अध्यक्ष कर्णजीत बुधाथोकी माओवादी कम्युनिस्ट पार्टी नेपाल से महासचिव राम नारायण पाल ने संयुक्त अपील पर हस्ताक्षर किया। हाल ही में प्रचंड के सशस्त्र संघर्ष में 5000 लोगों की मौत की जिम्मेदारी लेने के बयान के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर करने के बाद, माओवादी गुट के नेताओं ने एकजुट होना शुरू कर दिया है। वे सभी अलग-अलग हिस्सों में विभाजित है।



संयुक्त अपील

हामी यतिबेला विस्तृत शान्ति सम्झौताको मर्म र भावना अनुसार शान्ति प्रक्रियाका बाँकी काम पूरा गर्ने चरणमा छौं । संक्रमणकालीन न्यायको सिद्धान्तद्वारा निर्देशित भई गतकालमा कानुन निर्माण गरी सत्य निरुपण तथा मेलमिलाप आयोग तथा बेपत्ता नागरिक छानबिन आयोग समेत गठन भई केही काम अगाडि बढेको तथ्य पनि सर्वविदितै छ । द्वन्द्वबाट पीडित नागरिक तथा उनीहरूका परिवारलाई न्याय दिलाउने सन्दर्भमा सम्मानित सर्वोच्च अदालतले विद्यमान कानुनमा सुधार गर्न दिएको निर्देशनमा पनि हाम्रो ध्यान गएको छ ।

देशमा तत्काल विद्यमान जातीय, क्षेत्रीय, लिङ्गीय, वर्गीय लगायतका समस्याहरु समाधान गरी राज्यको अग्रगामी पुनर्संरचना गर्ने संकल्पप्रति हामी तपसिलका पार्टीहरु सम्हत छौं ।

उपरोक्त सन्दर्भमा अविलम्ब आवश्यक कानुन बनाई शान्ति प्रक्रियाका बाँकी काम पूरा गर्न हामी सरकारसँग विशेष अपील गर्दछौं । विस्तृत शान्ति सम्झौता र त्यसलाई आफ्नो अभिन्न अंग मानेको नेपालको संविधानले द्वन्द्वकालीन घटनाहरूको निरुपण गर्ने जिम्मेवारी सत्य निरुपण तथा मेलमिलाप आयोगलाई दिएको छ । यो ऐतिहासिक सन्दर्भ र संवैधानिक व्यवस्थाभन्दा बाहिर जानु शान्ति सम्झौताका विरुद्ध हुने तथ्य पनि स्पष्ट छ ।

केही समय यता संक्रमणकालीन न्यायका सम्बन्धमा चलिरहेका चर्चाहरुप्रति हाम्रो गम्भीर ध्यानाकर्षण भएको छ । संक्रमणकालीन न्यायसँग सम्बन्धित द्वन्द्वकालका सबै मुद्दाहरू सत्य निरुपण तथा मेलमिलाप आयोगको क्षेत्राधिकारभित्र पर्ने कुरा पनि सुस्पष्ट रहेको छ ।

अतः हामी तपसिलका राजनीतिक दलहरू एकातर्फ कानुन परिमार्जनसहित आयोगलाई पूर्णता दिई शान्ति प्रक्रियाका बाँकी काम यथाशीघ्र पूरा गर्न सरकारसँग माग गर्दछौं भने अर्कोतर्फ विस्तृत शान्ति सम्झौताका पक्षधर सम्पूर्ण राजनीतिक दल, नागरिक समाज एवं आम जनसमुदायलाई संक्रमणकालीन न्यायका पक्षमा ऐक्यबद्धताका लागि हार्दिक अपील गर्दछौं । साथै राज्यले गतकालमा विभिन्न राजनीतिक दलसँग गरेका सहमति कार्यान्वयनका लागि पनि हामी सरकारसँग जोडदार माग गर्दछौं ।

१. नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केन्द्र), उपाध्यक्ष - कृष्ण बहादुर महरा
२. नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (क्रान्तिकारी-माओवादी), स्थायी कमिटी सदस्य - सि.पी. गजुरेल
३. नेपाल समाजवादी पार्टी, उपाध्यक्ष - हिसिला यमी
४. नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी, महासचिव - नेत्र विक्रम चन्द 'विप्लव'
५. आम जनता पार्टी, अध्यक्ष - प्रभु साह
६. नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (बहुमत), संयोजक - धर्मेन्द्र बास्तोला
७. वैज्ञानिक समाजवादी कम्युनिस्ट पार्टी, महासचिव - विश्वभक्त दुलाल 'आहुति'
८. नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी समाजवादी), अध्यक्ष - कर्णजित बुढाथोकी
९. माओवादी कम्युनिस्ट पार्टी, नेपाल, महासचिव - रामनारायण पाल

# आरआरआर के गीत नाटू नाटू और फिल्म द एलिफेंट व्हिस्पर्स ने ऑस्कर में रचा इतिहास

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित फिल्म सम्मान ऑस्कर अवार्ड समारोह में भारत का जलवा बुलंद हुआ है। भारतीय फिल्म आरआरआर के गाने 'नाटू नाटू' ने ऑस्कर अवॉर्ड जीतकर दुनिया भर के प्रशंसकों का सीना चौड़ा कर दिया। इसके अलावा शॉर्ट फिल्म द एलिफेंट व्हिस्पर्स ने ऑस्कर अवॉर्ड जीत कर भारतीय सिनेमा को ऐतिहासिक और गर्व का अवसर प्रदान किया है।

लॉस एंजिल्स में आयोजित ऑस्कर अवार्ड के ऐतिहासिक समारोह में भारतीयों के लिए खुशी के अवसर सामने आए हैं। मूल रूप से तेलुगू में बनी फिल्म आरआरआर के गाने 'नाटू नाटू' ने 'ओरिजनल सॉन्ग' कैटगरी में आस्कर अवॉर्ड जीत लिया है। इस अवॉर्ड के साथ भारत और दुनिया भर में फैले भारतीय सिनेमा प्रेमियों को तो गर्व का अवसर मिला ही है, अवॉर्ड जीतने के बाद फिल्म के निर्माताओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। भारत की फिल्म आरआरआर के गाने 'नाटू नाटू' का नाम जैसे ही घोषित किया गया, फिल्म की टीम और डायरेक्टर एसएस राजामौली खुशी से उछल पड़े। ऑस्कर अवॉर्ड के इस 95वें संस्करण में 'नाटू नाटू' के रूप में भारत ने दूसरा ऑस्कर जीता है। इससे पहले भारत ने इतिहास रचते हुए भारतीय प्रोडक्शन के लिए पहला ऑस्कर अवॉर्ड जीता। भारतीय फिल्म द एलिफेंट व्हिस्पर्स ने शॉर्ट फिल्म डॉक्यूमेंट्री कैटेगरी में ऑस्कर अवॉर्ड हासिल किया है। इस फिल्म ने पूरे विश्व में देश का गौरव बढ़ाया है।



यह भारत के लिए एक ऐतिहासिक पल है। फिल्म के ऑस्कर अवॉर्ड की जीत पर निर्माता गुनीत मोंगा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पुरस्कार के साथ तस्वीर साझा की। उन्होंने लिखा कि यह रात ऐतिहासिक है, क्योंकि यह किसी भारतीय प्रोडक्शन के लिए अब तक का पहला ऑस्कर है।

# नेपाल में उप राष्ट्रपति चुनाव मैदान से हटीं प्रमिला कुमारी, रामसहाय का करेंगी समर्थन

**काठमांडू।** नेपाल के उप राष्ट्रपति चुनाव में सीपीएन (एमसी) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन की उम्मीदवार प्रमिला कुमारी ने सोमवार को चुनाव मैदान से हटने का ऐलान किया है। प्रमिला कुमारी ने कहा है कि वह इस पद के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन के दूसरे उम्मीदवार रामसहाय प्रसाद यादव का समर्थन करेंगी। उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए नाम वापसी की अंतिम तारीख 12 मार्च के एक दिन बाद प्रमिला कुमारी के चुनाव मैदान से हटने के बाद भी तकनीकी रूप से वह उम्मीदवार बनी रहेंगी। इस चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन से तीन नेताओं ने नामांकन किया है, जबकि अष्टलक्ष्मी शाक्य मुख्य विपक्षी दल सीपीएन (यूएमएल) की उम्मीदवार हैं। 17 मार्च को होने वाले उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए रामसहाय प्रसाद यादव, प्रमिला कुमारी, ममता झा और अष्टलक्ष्मी शाक्य ने नामांकन किया है। इनमें शाक्य को छोड़कर सभी सत्तारूढ़ गठबंधन के उम्मीदवार हैं।



प्रमिला कुमारी और रामसहाय यादव दोनों नेता सत्तारूढ़ गठबंधन के घटक दल जनता समाजवादी पार्टी (जेएसपी) के सांसद हैं। प्रमिला कुमारी ने सोमवार को एक बयान जारी कर रामसहाय के समर्थन की घोषणा की।उल्लेखनीय है कि नेपाल के चुनाव आयोग के बयान के बाद जेएसपी ने दोनों नेताओं को उम्मीदवार बनाने का फैसला किया था। चुनाव आयोग ने कहा था कि देश के राष्ट्रपति पद पर यदि कोई पुरुष पदारूढ़ है तो उपराष्ट्रपति पद पर किसी महिला को होना चाहिए। इसी बीच रामसहाय की उम्मीदवारी को निरस्त करने की मांग वाली शिकायत को आयोग ने खारिज भी कर दिया है।